RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 125 | FRIDAY DATE 29-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ

लगता है पुल पर लगा, फंड हाफ से हाफ।
सिर्फ.चार आने लगा, बारह आने साफ।
बारह आने साफ, माल आधा भी जड़ते।
इतनी जल्दी नहीं, सड़क पर गड्ढे पड़ते।
कह साहिल कविराय, महकमा यूं ही ठगता।
फंड हाफ से हाफ, चार आने ही लगता।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

## संक्षिप्त खबरें



### महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस की पीएम मोदी से मुलाकात

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। इसकी जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए दी। इसके साथ ही दोनों नेताओं की फोटो भी शेयर की है। पीएमओ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।'' वहीं, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करने के बाद बताया महाराष्ट्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर उनका मार्गदर्शन मिला। इसके साथ ही महाराष्ट्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और परियोजनाओं की स्थिति के बारे में भी जानकारी दी।

### मुस्लिम समुदाय ने ईद पर गाय को राष्ट्रमाता बनाने की मांग

**लखनऊ, यूटर्न/ 28 मई।** लखनऊ में ईद-उल-अजहा (बकरीद) के मौके पर मुस्लिम समुदाय ने आपसी भाईचारे और शांति का संदेश दिया। नमाज अदा करने के बाद समाजवादी पार्टी के नेताओं ने महत्वपूर्ण राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर अपनी राय रखी, जिसमें गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग प्रमुख रही। समाजवादी पार्टी के नेता रविदास मेहरोत्रा ने ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद देकर देशवासियों से आपसी एकता को इतना मजबूत करने का आ'ान किया ताकि कोई भी सांप्रदायिक ताकत तोड़ न सके। उन्होंने कहा कि हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए यदि कोई कुबार्नी देनी पड़ी, तब वे उसके लिए तैयार हैं। सपा नेता मेहरोत्रा ने मोदी सरकार से गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग की और भाजपा पर मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए अनर्गल मुद्दे खड़े करने का आरोप लगाया। उन्होंने शंकराचार्य द्वारा घोषित धर्मयुद्ध का समर्थन करने की भी बात कही।

### एम्स पटना ने रचा कीर्तिमान: 830 ग्राम का ट्यूमर निकाल लिम्का बुक में दर्ज कराया नाम

**पटना, यूटर्न/ 28 मई।** बिहार की राजधानी पटना स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने चिकित्सा जगत में बड़ी उपलब्धि हासिल कर लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करा दिया है। एम्स पटना की न्यूरोसर्जरी टीम ने एक अत्यधिक जटिल स्कल बोन ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकालकर यह कीर्तिमान बनाया है। इस ऐतिहासिक सफलता से अस्पताल प्रशासन और डॉक्टरों की टीम में खुशी का माहौल है, और बिहार तथा पूर्वी भारत के लिए गर्व का क्षण बताया जा रहा है। एम्स में भर्ती एक 29 वर्षीय मरीज लंबे समय से सिर में एक विशाल और जटिल ट्यूमर के कारण गंभीर रूप से पीड़ित था, इसकारण उसकी हालत लगातार बिगड़ रही थी। गहन जांच के बाद, न्यूरोसर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन को करने का निर्णय लिया।

# बाड़बंदी के लिए बंगाल ने BSF को सौंपी 600 हेक्टेयर जमीन : शाह



» **गांधीनगर, यूटर्न/ 28 मई।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में नवगठित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने बांग्लादेश सीमा पर बाड़बंदी के काम को मजबूत करने के लिए सात दिनों के भीतर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को 600 हेक्टेयर भूमि सौंप दी है।

गांधीनगर जिले के सोनीपुर गांव में 340 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास समारोह के दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा ने राज्य में सीमा पर बाड़ लगाने के काम में तेजी लाने के अपने चुनावी वादे को पूरा किया है।

अमित शाह ने कहा, 'हमने चुनाव प्रचार के दौरान वादा किया था कि यदि आप हमें सत्ता सौंपते हैं तो हम कुछ ही दिनों के भीतर बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने का काम शुरू कर देंगे।' उन्होंने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी को बधाई देते हुए कहा, 'मैं पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी को महज सात दिनों के भीतर बीएसएफ को 600 हेक्टेयर भूमि सौंपने के लिए बधाई देना चाहता हूं। चिकन नेक क्षेत्र में 121 हेक्टेयर भूमि भी केंद्र सरकार को सौंप दी गई है।'

अमित शाह ने इस कदम को भाजपा के व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंडे से जोड़ा और दावा किया कि बंगाल में सरकार परिवर्तन के बाद बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ पहले ही कम हो गई है।

उन्होंने कहा, 'पहले ममता के शासनकाल में हर दिन घुसपैठ होती थी, लेकिन अब घुसपैठिए खुद ही वापस लौटने लगे हैं।' केंद्रीय गृह मंत्री ने ये टिप्पणियां भाजपा के देश भर में बढ़ते राजनीतिक प्रभाव को उजागर करते हुए कीं।

उन्होंने हाल ही में हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार को निर्णायक रूप से हराया था।

उन्होंने कहा, 'आज भाजपा देश के 80 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र में शासन कर रही है। हाल ही में बंगाल में चुनाव हुए, जहां दीदी की सरकार पूरी तरह से साफ हो गई।'

गृह मंत्री अमित शाह ने यह भी कहा कि भाजपा का 'भगवा झंडा' अब पूरे गंगा क्षेत्र में 'उत्तराखंड से गंगासागर तक लहरा रहा है।

यह भाषण अमित शाह के गांधीनगर दौरे के दौरान दिया गया, जहां वे कई विकास कार्यक्रमों में भाग लेने आए थे, जिनमें कलोल और गांधीनगर उत्तर विधानसभा क्षेत्रों में पेयजल सुविधाओं का उद्घाटन, सौंदयार्कृती आंगनबाड़ी केंद्र और ग्राम विकास परियोजनाएं शामिल थीं।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 दिनों के भीतर दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में 1,200 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन या शुभारंभ किया गया है। उन्होंने इन परियोजनाओं का श्रेय राज्य सरकार, केंद्र सरकार और निजी औद्योगिक समूहों से प्राप्त कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी निधि को दिया।



## कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने पद से इस्तीफा दिया

» **बेंगलुरू, यूटर्न/ 28 मई।**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने गुरूवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। श्री सिद्दारमैया ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह ऐलान किया। उन्होंने बताया कि लोकभवन जाकर राज्यपाल के सचिव को इस्तीफा सौंपा क्योंकि राज्यपाल अभी राज्य में नहीं हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस हाईकमान ने उनसे पद छोड़ने को कहा था जिसके अनुरूप उन्होंने इस्तीफा दिया है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि राज्यपाल उनके इस्तीफे को स्वीकार करके अगले मुख्यमंत्री के लिए मार्ग प्रशस्त करेंगे, जो उनका संवैधानिक दायित्व भी है। श्री सिद्दारमैया ने कहा कि कांग्रेस के पास सदन में पूरा बहुमत है। उन्होंने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के मौजूदा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का आभार जताया। उन्होंने कहा कि दो बार मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें कर्नाटक के सात करोड़ लोगों की सेवा करने का मौका मिला और दो बार विपक्ष के नेता के तौर पर भी काम किया। इस दौरान पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं से जो सहयोग मिला, उसके लिए वह उन्हें धन्यवाद देते हैं। संवादादाता सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री और नए मुख्यमंत्री पद के दावेदार डीके शिवकुमार भी उपस्थित थे।

## सीबीएसई के 18 .50 लाख छात्रों के भविष्य से हुआ खिलवाड़, प्रधान जिम्मेदार : राहुल

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 28 मई।**



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली में कथित गड़बड़ियों के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को जिम्मेदार ठहराते हुये कहा है कि इस प्रणाली की वजह से 18.50 लाख छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ हुआ है। श्री गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा, 'धर्मेंद्र प्रधान जी, आप मुझ पर जितना हमला करना चाहें कर सकते हैं लेकिन इससे आपके अपराध कम नहीं होंगे। न ही इससे मैं 18.50 लाख बच्चों के लिए जवाब मांगना बंद करूंगा। कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि सीबीएसई के ओएसएम कॉन्ट्रैक्ट को कॉइम्प्ट कंपनी को क्यों दिया गया जबकि यह कंपनी अपने पुराने नाम ग्लोबरेना के तहत पहले से विवादों घिरी रही है। उन्होंने पूछा कि यह फैसला किसके आदेश पर लिया गया और कंपनी का बैकग्राउंड चेक क्यों नहीं किया गया।

इसके साथ ही उन्होंने कॉइम्प्ट प्रबंधन और मोदी सरकार के बीच संबंधों पर भी सवाल खड़े किये। उन्होंने कहा, 'या तो सरकार ने बैकग्राउंड चेक किया और फिर भी कंपनी को काम दिया, या फिर कोई जांच ही नहीं की गई। दोनों ही स्थितियों में आप (धर्मेंद्र प्रधान) जिम्मेदार हैं।' उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि यदि प्रधानमंत्री को वास्तव में छात्रों की चिंता होती, तो लाखों छात्रों का भविष्य खराब करने के लिए वे शिक्षा मंत्री को बहुत पहले ही हटा चुके होते।

## दिल्ली भाजपा की कमान मिलने के बाद हर्ष मल्होत्रा की पहली प्रतिक्रिया, बोले-पीएम मोदी और नेतृत्व का आभार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मई।**



भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा को दिल्ली भाजपा का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है और पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने उन्हें बधाई दी है।

दिल्ली भाजपा का अध्यक्ष नियुक्त होने पर हर्ष मल्होत्रा ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि मैं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, पीएम मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पूर्व अध्यक्ष विरेंद्र सचदेवा का बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है और मैं इसे पूरी ईमानदारी से निभाने के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा।

दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विरेंद्र सचदेवा ने 'एक्स' पर पोस्ट कर हर्ष मल्होत्रा को बधाई दी। उन्होंने लिखा कि हर्ष मल्होत्रा को भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! उन्होंने लिखा कि आपके नेतृत्व में संगठन नई ऊर्जा, मजबूती और जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेगा। पूर्ण विश्वास है कि आपके अनुभव एवं समर्पण से दिल्ली भाजपा और अधिक सशक्त होगी।

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा कि भाई हर्ष मल्होत्रा को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई।

## भाजपा ने चार प्रदेश अध्यक्षों को बदला, सुनील जाखड़ और वीरेंद्र सचदेवा ने किया स्वागत

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मई।**

भाजपा ने गुरुवार को चार राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा की है। पार्टी ने वीरेंद्र सचदेवा के स्थान पर दिल्ली की कमान केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा को सौंपी है। वहीं, पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ की जगह सरदार केवल सिंह ढिल्लों को जिम्मेदारी दी गई है।

इस फैसले के बाद सुनील जाखड़ और





वीरेंद्र सचदेवा की प्रतिक्रिया सामने आई। सुनील जाखड़ ने पार्टी के शीर्ष नेताओं का धन्यवाद करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए सरदार केवल सिंह ढिल्लों को शुभकामनाएं दी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सुनील जाखड़ ने लिखा, 'पंजाब भाजपा के अध्यक्ष के रूप में सेवा करना मेरे लिए अत्यंत गौरव और बड़ी जिम्मेदारी का विषय रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मुझ पर जताया गया विश्वास और गृह मंत्री अमित शाह से निरंतर प्राप्त मार्गदर्शन इस पूरे सफर में मेरे लिए शक्ति का स्थायी स्रोत रहा है। बीएल संतोष से प्राप्त संगठनात्मक सीख और दिशा-निर्देश, साथ ही जगत प्रकाश नड्डा और वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का प्रोत्साहन और सहयोग मेरे लिए सदैव अत्यंत मूल्यवान रहेगा।' उन्होंने कहा कि पंजाब भाजपा की ताकत हमेशा राज्यभर के कार्यकर्ताओं, नेताओं और समर्थकों में रही है, जिनकी निष्ठा और सहयोग ने इस कार्यकाल को सार्थक और यादगार बनाया।

# दिल्ली में वहशत: चोरी के शक में भीड़ ने युवक को पीट-पीटकर मार डाला

हाथ-पैर बंधे मिले; आठ लोग हिरासत में

» **दिल्ली, यूटर्न/ 28 मई।**



रोहिणी जिला के कंझावला इलाके में बुधवार सुबह चोरी के इरादे से घुसे एक युवक को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला। मृतक की शिनाख्त सावदा कॉलोनी निवासी करण (28) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने करण का शव कब्जे में लेकर छानबीन के बाद मोर्चरी में भेजा। भीड़ ने करण के हाथ-पैर बांधे हुए थे।

क्राइम टीम व एफएसएल को मौके पर बुलाकर जांच की गई। सीसीटीवी कैमरे से भी पड़ताल हुई। बाद में जांच के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आठ लोगों को फिलहाल हिरासत में लिया है। बाकी लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ कर रही है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि करण के खिलाफ पहले से चोरी के दो मामले दर्ज थे। स्थानीय लोगों ने दावा किया कि चोरी के इरादे से पहले वह कॉलोनी में आ चुका था, लेकिन लोगों के देखने पर वह भाग गया था। अब पकड़े जाने पर उसकी पिटाई की गई, जिससे उसकी मौत हो गई।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुधवार शाम करीब 4 बजे उनकी टीम को सूचना मिली थी कि कंझावला इलाके में एक युवक को चोरी के आरोप में बुरी तरह पीटा गया है। पुलिस जब मजदूर कॉलोनी पहुंची तो वहां एक युवक के हाथ-पैर बंधे हुए मिले। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। जांच करने पर उसकी मौत का पता चला।

छानबीन के दौरान पता चला कि युवक एक मजदूर के घर में सुबह के समय चोरी के इरादे से घुसा था। मकान मालिक की उस पर नजर पड़ी तो करण ने उस पर पत्थर से हमला कर सिर फोड़ दिया। बाद में शोर मचाने पर करण को पकड़ लिया गया। उसे बुरी तरह पीटा गया। इस दौरान उसके हाथ-पैर भी बांध दिए गए। लोगों ने दावा किया कि पहले भी वह चोरी करने आता रहा है। भीड़ उसे पीटती रही। इस बीच पिटाई से करण की मौत हो गई।

# संक्षिप्त खबरें

## गौर चौराहे पर व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स में धधकी आग, मची अफरा-तफरी

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 28 मई।** अभयखंड 2 स्थित गौर चौराहे पर बने व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स में बुधवार देर रात आग लग गई। आग की लपटें और धुआं देख इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर दमकल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। खबर लिखे जाने तक आग पर काबू पाने का प्रयास जारी था। आग कॉम्प्लेक्स के सबसे ऊपरी मंजिल पर लगने की बात सामने आई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। दमकल की टीमें आग बुझाने में जुटी हैं। हादसा कैसे हुआ इसका कारण अभी पता नहीं चला है। आग बुझने के बाद इसकी जांच की जाएगी। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मौके पर पुलिस टीम मौजूद है। आसपास के मकानों को खाली कराया गया है। लोगों को घटनास्थल से दूर किया गया है।

## रिहायशी इलाकों में लगे टॉवर बहुत खतरनाक है



**हरियाणा, यूटर्न/ 28 मई।** आज फतेहाबाद जिले के जांडवाला बागड़ गाँव मैं दोपहर हल्की सी आंधी मैं एक टॉवर टूट गया। इस तरह के टॉवर आपको आजकल बहुतायत में देखने को मिल जाएंगे। इनमें से अधिकतर नियमों को ताक पर रखकर स्थापित किये गए हैं। भू स्वामी किराए के लालच मैं लोगो के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं।

मैं प्रदेश सरकार से मांग करता हु कि इस संदर्भ मैं कोई कमेटी का गठन किया जाए। इस तरह के टॉवर संबंधी नियमों का पुनरीक्षण किया जाए। ये टॉवर खराब मौसम मैं तो खतरनाक हैं ही साथ ही इससे निकले वाला विकिरण मनुष्य के स्वास्थ्य, प्रकति एवं पशुओं के लिए भी घातक है। इस तरह के टॉवर बस्ती से दूर होने चाहिए। जो टॉवर बस्तियों मैं लगे हुए हैं उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाया जाना चाहिए।

# गौतमबुद्धनगर में आंधी-तूफान और वज्रपात को लेकर प्रशासन का अलर्ट

» **गौतमबुद्धनगर, यूटर्न/ 28 मई।**



मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के बाद जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर ने जिले के लोगों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए आगामी दिनों में विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। प्रशासन के अनुसार 28 मई से 31 मई 2026 तक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान तेज आंधी, तूफान, बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात की संभावना जताई गई है।

जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी ने बताया कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार 29 मई को मौसम का असर सबसे अधिक देखने को मिल सकता है। इस दिन कई क्षेत्रों में 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है, जबकि हवा के झोंके 100 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकते हैं। मौसम विभाग ने गौतमबुद्धनगर को ऑरेंज जोन में रखा है, जिसे देखते हुए प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि खराब मौसम के दौरान जनहानि, पशुहानि और संपत्ति के नुकसान से बचने के लिए सभी लोगों को सतर्क रहना बेहद जरूरी है। जिला प्रशासन ने लोगों को सलाह दी है कि वे मौसम संबंधी अलर्ट और चेतावनी प्राप्त करने के लिए अपने मोबाइल फोन में 'दामिनी ऐप' और 'सचेत ऐप' अवश्य डाउनलोड करें। इन ऐप्स के माध्यम से आंधी, तूफान, वज्रपात और खराब मौसम की पूर्व सूचना समय रहते प्राप्त की जा सकती है।

प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि खराब मौसम के दौरान पेड़ों के नीचे, मोबाइल टावरों और ऊंची इमारतों के पास खड़े होने से बचें। बच्चों को खुले मैदान में खेलने न भेजें और बिजली के उपकरणों, लोहे की खिड़कियों, दरवाजों तथा हैंडपंप को छूने से परहेज करें। इसके अलावा धातु वाले छाते का प्रयोग न करने और खुले वाहनों में यात्रा से बचने की सलाह दी गई है। वज्रपात के समय लोगों को तालाब, नदी और तैराकी जैसी गतिविधियों से दूर रहने को कहा गया है।

यदि मौसम अचानक खराब हो जाए तो तुरंत किसी पक्के भवन में शरण लेने की सलाह दी गई है।

# दिल्ली के न्यू राजेंद्र नगर में घर के अंदर दो बुर्जुग महिलाओं के शव मिलने से हड़कंप

घटना की जानकारी मिलने के बाद क्राइम टीम, फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी टीम और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और जांच की। एंबुलेंस टीम ने दोनों महिलाओं की जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।




» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मई।**

केंद्रीय दिल्ली के न्यू राजेंद्र नगर इलाके में गुरुवार को एक घर के अंदर दो बुर्जुग महिलाओं के शव मिलने से हड़कंप मच गया है।

मृतक महिलाओं की उम्र करीब 80 वर्ष बताई गई है। उनका शव आर ब्लॉक स्थित घर के अंदर मिला, जब घरेलू सहायिका को घर से बदबू आने पर शक हुआ। उसने देखा कि घर के सभी दरवाजे अंदर से बंद थे। इसके बाद उसने पड़ोसियों को जानकारी दी और पुलिस को सूचना दी गई।

अधिकारियों के अनुसार, घटना की जानकारी सुबह करीब 10:30 बजे मिली। पुलिस अधिकारी ने बताया, ''यह सूचना एक मेड ने दी, जो घर के बरामदे की सफाई का काम करती है। उसने बताया कि घर के सभी दरवाजे बंद हैं और अंदर से बदबू आ रही है।'' सूचना मिलने के बाद जांच अधिकारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घर के अंदर जाकर जांच की। अधिकारियों ने बताया कि घर के एक कमरे में दो बुर्जुग महिलाएं बेहोशी की हालत में पड़ी मिलीं। उनकी पहचान चंद्रकांता (करीब 80 वर्ष) और सरोज बाला (करीब 80 वर्ष) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, एक शव बिस्तर और दूसरा फर्श पर पड़ा हुआ मिला। घर से बदबू आ रही थी।

पुलिस ने बताया कि यह एक मंजिला घर है, जिसमें चार एंट्री पॉइंट हैं। जांच के दौरान किसी तरह की जबरन एंट्री, तोड़फोड़ या संघर्ष के निशान नहीं मिले। स्थानीय जांच में पता चला कि दोनों महिलाएं लंबे समय से एक साथ इस घर में रह रही थीं। सरोज बाला अविवाहित थीं, जबकि चंद्रकांता उनकी रिश्तेदार थी।

घटना की जानकारी मिलने के बाद क्राइम टीम, फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी टीम और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और जांच की। एंबुलेंस टीम ने दोनों महिलाओं की जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुरूआती जांच और पड़ोसियों से बातचीत में किसी तरह की आपराधिक साजिश के संकेत नहीं मिले हैं, लेकिन सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

उन्होंने कहा, ''अब तक किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि सामने नहीं आई है, लेकिन हर एंगल से जांच जारी है। दोनों शवों को राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेजा जा रहा है, जहां पोस्टमार्टम के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।''

# भीषण गर्मी में पानी के लिए तड़प रहे दिल्ली के लोग, संकट गहराया



## टैंकर भी नहीं बुझा पा रहे प्यास

**दिल्ली, यूटर्न/ 28 मई।** राजधानी में पारे के तेवर तल्ख होते ही पानी का संकट गहराने लगा है। बढ़ती पेयजल मांग के बीच गिरते यमुना के जलस्तर ने दिल्ली जल बोर्ड के जल शोधन संयंत्रों की क्षमता में गिरावट ने समस्या को और भयावह बना दिया है। वजीराबाद रिजर्वायर में पानी सूख गया है, जिससे संयंत्रों तक कच्चा पानी पहुंच नहीं रहा है। नतीजतन दिल्ली के कई इलाकों में पानी को लेकर हाहाकार जैसी स्थिति बन गई है। खासकर कालोनियों, जेजे बस्तियों और गांवों में हालात बहुत खराब हो चुके है। लोग टैंकरों के पीछे दौड़ रहे हैं लेकिन उन्हें पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा। जल बोर्ड के मुताबिक, यमुना के वजीराबाद बैराज के रिजर्वायर का जलस्तर 674.5 फीट से या इससे ज्यादा होना चाहिए जो घटकर 669.5 फीट पहुंच गया। जलाशय तकरीबन सूख गया है। इससे वजीराबाद और चंद्रावल जल शोधन संयंत्रों तक पर्याप्त कच्चा पानी नहीं पहुंच पा रहा। हालांकि इससे निपटने के लिए जल बोर्ड यमुना में नए चैनल बना रहा है ताकि थोड़ा-बहुत पानी प्लांट तक पहुंचाया जा सके। लेकिन राजधानी की जरूरत के मुताबिक यह कवायद नाकाफी है। वजीराबाद और चंद्रावल दोनों संयंत्र क्षमता से कम पर चल रहे हैं। वजीराबाद संयंत्र की क्षमता करीब 134-138 एमजीडी और चंद्रावल की करीब 98-99 एमजीडी है।

# सुपर-100 संस्थान के विद्यार्थी अपनी दिक्कत या परेशानी को सीधे जिला शिक्षा अधिकारी को बताएं: विनोद कौशिक

» **परमिंदर सिंह**



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 28 मई। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि हरियाणा सुपर-100 संस्थान बारना में पढने वाले विद्यार्थी को किसी भी प्रकार की दिक्कत या परेशानी होने पर वो सीधे जिला शिक्षा विभाग को सूचित कर सकते हैं। परिसर में जिला शिक्षा अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एसएचओ, टोल फ्री नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर भी अंकित किए जाएंगे। शिक्षा विभाग की टीम समय समय पर संस्थान का दौरा करके बच्चों से समस्याओं को जाना करेगी। डीईओ ने अभिभावकों से अपील की है कि वो बच्चों के साथ बातचीत करने के लिए संस्थान के दिए समय के अनुसार मिलें।

जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक वीरवार को हरियाणा सुपर 100 संस्थान बारना में निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। इस दौरान उनके साथ इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिद्धू भी टीम के साथ मौजूद रहे। उन्होंने संस्थान में विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही बच्चों से दिक्कत व परेशानियों को भी जाना। मौके पर ही विद्यार्थियों को जिला शिक्षा अधिकारी व एसएचओ ने अपने-अपने फोन नंबर भी साझा किए।

जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि संस्थान में विद्यार्थियों को सभी सुविधाएं बेहतर ढंग से मुहैया करवाई जा रही है। संस्थान में 13 मई से नया बैच शुरू हुआ है, जो बच्चे इस बैच में आए है, उनमें से 4-5 बच्चों को परिवार के बीच से संस्थान में रहने में परिवारजनों की याद आना ही एकमात्र कारण सामने आया है। इसके अलावा संस्थान में शुद्ध व पोषक खाना दिया जा रहा है। गर्मी को देखते हुए बच्चों के लिए कूलर लगाए गए हैं। रहने के लिए लड़कों और लड़कियों की अलग-अलग व्यवस्था की हुई है। बेहतर स्टाफ द्वारा बच्चों को तैयारी करवाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए सरकार ने सुपर 100 योजना चलाई हुई है। इस संस्थान में सरकारी स्कूलों के 10वीं पास मेधावी छात्रों को जेईई और एनईईटी की मुफ्त कोचिंग प्रदान की जा रही है। इसमें 10वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक और प्रवेश परीक्षा लेवल-1 और लेवल-2 उत्तीर्ण करने के बाद ही सुपर-100 के लिए बच्चों का चयन होता है। चयनित विद्यार्थियों को हरियाणा सुपर 100 संस्थान बारना में मुफ्त कोचिंग, आवास और भोजन की सुविधा दी जाती है।

इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिद्धू ने कहा कि संस्थान में कोचिंग लेने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत या परेशानी हो तो वो जिला शिक्षा अधिकारी या पुलिस को मिलकर अपनी समस्या बता सकते हैं। उनकी पुलिस प्रशासन की तरफ से पूरी मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों से मिलने के लिए संस्थान में आएं और अपने बच्चों से मिलें, उनकी समस्याएं जानें। अभिभावक अपने-अपने बच्चों से बातचीत करके उनसे समस्याओं को जानें और किसी भी प्रकार की दिक्कत, परेशानी को उसके स्तर के अनुसार समाधान करवाएं। हर समस्या का समाधान संभव है। कोई भी अभिभावक कानून को अपने हाथों में ना लें। नगणना अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कानपुर में सकुशल बकरीद, लाखों ने पढ़ी नमाज



**सुनील बाजपेई/कानपुर, यूटर्न/ 28 मई।** आज यहां गुरुवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईद-उल-अजहा बकरीद का त्यौहार शांति और सद्भाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर नमाजियों ने देश में खुशहाली, अमन चैन, सौहार्द व भाईचारे की दुआ की। नमाज पढ़ने के बाद गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद भी दी गई। इसी के साथ ही मुस्लिम इलाकों में कुर्बानियों का दौर भी शुरू हो गया। इस दौरान शहर में संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर तैनात पुलिस बल सीसी कैमरों से निगरानी भी करवाता रहा। फेथफुलगंज व सुजातगंज ईदगाहों में पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी सामूहिक रूप से नमाज अदा की। नमाज के बाद देश में खुशहाली, अमन, सौहार्द व भाईचारे की दुआ की गई। नमाज के बाद जानवरों की कुबार्नी दी गई। नमाज के दौरान सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनात रहा। सुबह से ईद-उल-अजहा की नमाज के लिए ही ईदगाहों व मस्जिदों में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। दुआ के बाद एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी गई। इसी तरह से छोटी ईदगाह, ईदगाह उस्मानपुर, ईदगाह मछरिया, ईदगाह गद्दियाना सहित मस्जिदों में भी ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। अहले हदीस मसलक की ईदगाहों में पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी सामूहिक रूप से नमाज अदा की। इसके लिए पीड़ितों के हित में कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में सफेदपोस माफिया अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही के मामले में अग्रणी पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल सभी तैयारियों के साथ आवश्यक आदेश निर्देश पहले ही दे चुके थे।

# कम उम्र में संगीत के गुरु नसीब वालों को मिलते हैं : विजय सभरवाल

» परमिंदर सिंह



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 28 मई। हरियाणा कला परिषद् तथा जीओ गीता गुरुकुल के सहयोग से आज बांसुरी वादन कार्यशाला के 18 वें दिन मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार श्री विजय सभरवाल तथा विशिष्ट अतिथि पंजाब केसरी के ब्यूरो चीफ कृष्ण धमीजा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सरस्वती वंदना के पश्चात भगवद्गीता के स्वरूप के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षार्थियों को स्पष्ट संदेश दिया कि वे सब सौभाग्यशाली हैं जो कम उम्र में ही उन्हें एक प्रतिष्ठित गुरु से बांसुरी वाद्य को सीखने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि संगीत सभी प्राणियों में सदैव प्राकृतिक रूप से विद्यमान रहता है। संगीत में विशेष रूप से बांसुरी की मधुर ध्वनि हृदय को आ'ादित कर देती है। उन्होंने बांसुरी वादन कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को साधुवाद दिया तथा कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक डॉ मनीश कुकरेजा को उनके इस सेवा कार्य हेतु प्रशंसा की। आज के अभ्यास में विभिन्न अलंकारों का तथा राष्ट्र गान की प्रस्तुति प्रतिभाओं द्वारा अतिथियों के समक्ष की गई। विशिष्ट अतिथि कृष्ण धमीजा ने प्रसिद्ध बांसुरी वादक व मुख्य प्रशिक्षक डॉ कुकरेजा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बांसुरी की लुप्त हो रही विद्या के ज्ञान को युवा पीढ़ी में बांट कर हमारी संस्कृति का संवर्धन व संरक्षण कर रहे हैं। उन का कहना था कि प्रशिक्षक महोदय ने पूर्व में आयोजित छः बांसुरी वादन कार्यशालाओं में दर्जनों बच्चों को बांसुरी वादन के प्रशिक्षण के फलस्वरूप राज्य अथवा राष्ट्रीय स्तर के विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया जाना प्रस्तावित करते हैं' कार्यशाला में विशेष रूप से आमंत्रित सुप्रसिद्ध समाज सेवी एवं मंच संचालिका प्रो डॉ शालिनी शर्मा ने उनके साथ आए संगीत को प्रोत्साहित करने वाली संस्था के उपस्थित गणमान्य सदस्यों का परिचय करवाया गया। इन सदस्यों में प्रदीप झांब, रिंकू छाबड़ा, भावना, हर्ष शर्मा तथा सुशील सभी ने प्रतिभागियों को विश्व पत्रकारिता दिवस की पूर्व संध्या के भावी कार्यक्रम जो कि 29 मई शुक्रवार को विद्या भारती परिसर स्थित रंगशाला में सांय पांच बजे से प्रारंभ होगा में बांसुरी वादन कर राष्ट्रीय गान प्रस्तुत करने का सुअवसर प्रदान करने हेतु निमंत्रण दिया। डॉ शालिनी शर्मा व सभीअन्य सभी प्रतिभागियों की सरगमों व राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति से अत्यंत अभिभूत हुए। डॉ मनीश कुकरेजा ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा डॉ शालिनी शर्मा सहित अन्य सभी का हृदय से आभार ज्ञापित किया तथा अपने बांसुरी गुरु अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बांसुरी वादक उस्ताद डॉ मुजतबा हुसैन को अपना प्रेरणा स्त्रोत बताया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने अपने उद्बोधन में सभी प्रतिभागियों को साधुवाद देते हुए सभी को बांसुरी वादन कार्यशाला में भाग लेने पर बधाई दी एवं सब के उज्जवल भविष्य की प्रार्थना की। उनके द्वारा प्रतिभागियों को गुरु के प्रति सदा आदर एवं समर्पण की भावना रखने की प्रेरणा दी गई।

हरियाणा कला परिषद् एवं जीओ गीता गुरुकुल का विशेष धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्होंने कहा कि गीता ज्ञान संस्थानम समाज सेवा के प्रकल्पों में सदैव अग्रणी रहता है। उन्होंने संस्थान में में चल रहे विभिन्न आयोजनों एवं बांसुरी कार्यशाला की उपयोगिता पर अपने विचार रखते हुए संस्थान के सभी अधिकारियों व विशेष रूप से गीता मनीषी परमपूज्य स्वामी ज्ञानानंद जी को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरणा देने हेतु शुभकामनाएं अभिव्यक्त की। लोगों की फरमाइश मुख्य अतिथि विजय सभरवाल जी ने अपनी मधुर आवाज में 'इक प्यार का नगमा है' गीत गाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

# किसानों को कपास व धान की फसल में बीज उपचार को लेकर किया जागरूक



» **पानीपत, यूटर्न/ 28 मई।**

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद रीजनल सेंट्रल इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट सेंटर फरीदाबाद के क्षेत्रीय हेड एवं उपनिदेशक, डॉ. वंदना पांडेय के निर्देशन में जिला कृषि विभाग के उपनिदेशक, कृषि, डॉ. गिरीश नागपाल, डॉ. ईश्वर दत्त एपीपीओ के सहयोग से कपास और धान की फसलों में बीज उपचार के बारे मे गांव करसिधू ब्लॉक उचाना ज़िला जींद में किसान सभा का आयोजन किया गया जिसमें बीज उपचार, कीटनाशकों का सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग और इनपीपी इस मोबाइल ऐप के बारे मे जानकारी दी गई व ट्राईकोडर्मा, जैव कीटनाशक बीज उपचार के लिए किसानों को वितरित किया एवं जिला के विभिन्न क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया और किसान भाइयों को कपास और धान में लगने वाले कीट एवं व्याधि से निपटने के लिए बीज उपचार जरूर करें ताकि धान में पिछले साल आने वाले बौना रोग और अन्य कीट/बीमारियों से बचा जा सके तथा यांत्रिक एवं बायो पेस्टीसाइड उपायों की जानकारी प्रदान दी गई यह भी सलाह दी गई है कि कपास की फसल के शुरूआती दौर में एक खेत में कीटो की निगरानी / रोकथाम के लिए 40-45 दिन के बाद कम से कम 4 फेरोमन ट्रैप और कपास का लयूर का इस्तमाल करे। सर्वेक्षण के दौरान किसानों को इनपीएसएस मोबाइल एप्लीकेशन राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली, मोबाइल ऐप के उपयोग के बारे में जानकारी भी दी जिससे किसान ऐप के माध्यम से अपनी फसल में लगने वाले कीट एवं व्याधि की जानकारी और सलाह इस ही द्वारा तत्काल प्राप्त होगी और अनावश्यक केमिकल पेस्टीसाइड का इस्तमाल रोका जा सके।

इस संयुक्त सर्वेक्षण के दौरान टीम में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के RCIPMC, फरीदाबाद से डॉ. लक्ष्मी कांत, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी, डॉ. के. पी. शर्मा, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी और डॉ. सुरजीत बर्मन, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारियों एवं हरियाणा राज्य सरकार के जिला कृषि विभाग से अंकित शर्मा कृषि निरीक्षक, संजीव कुमार एवं अन्य गणमान्य किसान उपस्थित रहे.

# प्रदेश की इलेक्ट्रिक बसों में विद्यार्थियों को उपलब्ध होगी बस पास सेवा: नायब सिंह सैनी

**पानीपत से हरियाणा में ग्रीन ट्रांसपोर्ट क्रांति की शुरूआत।**

**मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पानीपत इलेक्ट्रिक बस अड्डे का किया उद्घाटन, 80 इलेक्ट्रिक बसों को दिखाई हरी झंडी**

» **पानीपत, यूटर्न/ 28 मई।**



हरियाणा में ग्रीन पब्लिक ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को नई दिशा देते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को पानीपत में इलेक्ट्रिक बस डिपो का उद्घाटन किया तथा 80 इलेक्ट्रिक सिटी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आर्य कॉलेज सभागार में आयोजित जनसभा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि पानीपत की ऐतिहासिक और पावन धरती से आज हरियाणा में स्वच्छ, आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था के नए युग की शुरूआत हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरवार को रवाना की गई 80 इलेक्ट्रिक बसों में पानीपत के लिए 40, यमुनानगर के लिए 15, कुरुक्षेत्र और सोनीपत के लिए 10-10 तथा पंचकूला के लिए 5 बसें शामिल हैं। यह केवल बसें नहीं हैं, बल्कि हरियाणा के स्वच्छ, सुगम और आधुनिक भविष्य की नई शुरूआत हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पानीपत में लगभग 7 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बस डिपो तैयार किया गया है। इसके अलावा प्रदेश के 8 अन्य जिलों में भी इलेक्ट्रिक बस डिपो निमार्णाधीन हैं, जहां बसों की चार्जिंग की आधुनिक व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाएगी। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को 'ग्रीन इंडिया', 'नेट जीरो' और 'सस्टेनेबल डेवलपमेंट' का विजन दिया है। पूरी दुनिया आज पर्यावरण संरक्षण और ग्रीन एनर्जी की दिशा में आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने तथा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने का आ'ान किया है और हरियाणा सरकार उसी सोच को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक बस सेवा से पेट्रोल और डीजल पर निर्भरता कम होगी, प्रदूषण में कमी आएगी तथा लोगों को सुरक्षित, आरामदायक और आधुनिक यात्रा सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत हर वर्ष करोड़ों रुपए का पेट्रोलियम आयात करता है। यदि इलेक्ट्रिक वाहनों और ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा मिलेगा तो इससे देश का पैसा बचेगा और पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हरियाणा को आने वाले वर्षों में देश के सबसे आधुनिक और पर्यावरण हितैषी राज्यों में शामिल करना है। ई-बसें केवल परिवहन का साधन नहीं बल्कि स्वच्छ हवा, कम शोर और कम खर्च में बेहतर यात्रा सुविधा का माध्यम भी हैं। इनके संचालन से कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और आम नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि हरियाणा सिटी बस सर्विस लिमिटेड शहरी जीवन को अधिक सुविधाजनक और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

# पराली नहीं जलेगी, किसानों की आय बढ़ेगी: उपायुक्त




**निर्मल सिंह विर्क/पानीपत, यूटर्न/ 28 मई।** हरियाणा सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देने तथा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से किसानों के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों पर भारी अनुदान देने की योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत किसानों को व्यक्तिगत श्रेणी में कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जाएगा। योजना के लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही यह योजना किसानों के हित में बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन से जहां पर्यावरण संरक्षण होगा, वहीं किसानों को अतिरिक्त आय का भी अवसर मिलेगा। उपायुक्त ने बताया कि सरकार ने यह निर्णय लिया है कि कोयला आधारित बिजली संयंत्रों में भी पराली का उपयोग किया जाएगा, जिससे किसानों को कृषि-कचरे का उचित मूल्य मिल सकेगा।

# डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में हरियाणा में संगठन और अधिक मजबूत होगा : प्रवीन सैनी

**बरवाला में डॉ. अर्चना गुप्ता के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर मनाई खुशी**

» **राजेश सलूजा**



हरियाणा, यूटर्न/ 28 मई। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। पार्टी के प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया के गांव खरक पुनिया स्थित कार्यालय में कार्यकर्ताओं द्वारा लड्डू बांटकर जश्न मनाया गया। इस अवसर पर बरवाला मार्केट कमेटी के चेयरमैन प्रवीन सैनी, मंडल अध्यक्ष मनवीर पुनिया एवं बरवाला मंडल अध्यक्ष मनोज संदुजा (मोनू) ने शीर्ष नेतृत्व माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में हरियाणा में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिलेगी। चेयरमैन प्रवीन सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा संगठन और कार्यकर्ता आधारित राजनीति को प्राथमिकता देती है और डॉ. अर्चना गुप्ता का अनुभव पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मनवीर पुनिया, मनोज संदुजा (मोनू), पार्षद पंकज बादल, ओबीसी जिला महामंत्री डॉ. देशराज, पूर्व पार्षद पलवेश गूंदली, ईश्वर पटवारी, खुशीराम, रणधीर सिंह, महाबीर, तजेंदर पुनिया सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें



## ऑपरेशन से पहले इंजेक्शन लगने के बाद फैक्टरी कर्मचारी की मौत

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 28 मई।** सिहानी गेट स्थित पन्नालाल श्यामलाल अस्पताल में ऑपरेशन से पहले इंजेक्शन लगाए जाने के बाद फैक्टरी कर्मचारी की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए डॉक्टरों और अस्पताल कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विश्वास नगर कॉलोनी सिहानी चुंगी निवासी हिमांशु कुमार ने बताया कि उनके पिता विपिन कुमार (54) को पेशाब में खून आने की शिकायत थी। इसके बाद उन्हें कालकागढ़ी चौक स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में डॉ. मनीष कुमार ने उनकी जांच कराई। जांच के बाद बताया गया कि पेशाब की थैली में गांठ होने के कारण खून आ रहा है और इसके लिए ऑपरेशन करना पड़ेगा। ऑपरेशन बुधवार सुबह तय किया गया था। परिजनों का आरोप है कि 26 मई की शाम को भर्ती किए जाने के बावजूद अस्पताल में कोई उपचार शुरू नहीं किया गया।

हिमांशु के अनुसार बुधवार सुबह डॉक्टर की मौजूदगी के बिना वार्ड बॉय ने उनके पिता को इंजेक्शन लगाया। कुछ देर बाद ही उनकी तबीयत बिगड़ गई और मौत हो गई। विपिन कुमार मेरठ रोड स्थित श्रीराम पिस्टन फैक्टरी में कार्यरत थे। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग की।

## दुकानदार को पीटने और मोबाइल फोन तोड़ने का आरोप

**लोनी, यूटर्न/ 28 मई।** कोतवाली क्षेत्र के बंथला इलाके में परचून की दुकान में घुसकर लड़कों ने दुकानदार को पीट दिया। पिटाई के बाद दुकानदार का मोबाइल फोन भी तोड़ने का आरोप है। मामले की शिकायत लोनी थाना पुलिस से की गई। विकास शर्मा निवासी पुष्पांजलि विहार कॉलोनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बंथला गांव में उन्होंने किराना स्टोर की दुकान खोल रखी है। 24 मई को बंथला गांव निवासी केशव उर्फ कल्लू अपने साथी हर्ष के साथ दुकान पर पहुंचे और गाली गलौज कर झगड़ा करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने दुकान में घुसकर उन्हें पीट दिया। इस दौरान उनके पैर में काफी चोट आई।

## फ्लैट में तंत्र-मंत्र होने की आशंका पर हंगामा

» **इंदिरापुरम, यूटर्न/ 28 मई।**



शक्तिखंड 3 स्थित तीन मंजिला इमारत की ऊपरी मंजिल की छत पर तांत्रिक गतिविधि होने की आशंका पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया।

फ्लैट में मानव खोपड़ी के कंकाल की तरह के पुतले व तंत्र-मंत्र की वस्तुएं भी मिलीं। वहीं, किराये पर फ्लैट में रहने वाली महिला ने हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं पर मंदिर तोड़ने की साजिश का आरोप लगाया है।

पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी अमित पराशर ने बताया कि सोसायटी के लोगों ने एक महिला के फ्लैट में तांत्रिक गतिविधियां होने की शिकायत की थी। मंगलवार देर रात हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे तो छत पर एक मंदिर और फ्लैट के अंदर भी तांत्रिक गतिविधियों से संबंधित सामान मिला। इसमें पुतले, अलग तरह की दिखने वाली मूर्तियां और मानव खोपड़ी का सांकेतिक कंकाल भी मौके पर देखने को मिला। यह पुष्टि नहीं है कि कंकाल असली है या किसी ठोस पदार्थ से बनी मूर्ति है।

वहीं, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि फ्लैट गुरुग्राम निवासी महिला का है और उसे किराये पर दे रखा है। महिला का आरोप है कि हिंदू संगठन के लोगों ने अभद्रता करते हुए मंदिर तोड़ने की साजिश की।

हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को वापस भेजा। दोनों पक्षों की तरफ से तहरीर मिली है और मामले की जांच कराई जा रही है।

## सशक्त महिला नेतृत्व के साथ आगे बढ़ेगा नायाब हरियाणा : मेघराज बंसल



**कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 28 मई।** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में बेटियों, महिलाओं और मातृशक्ति को सम्मान, अवसर और नेतृत्व प्रदान करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण को मजबूत करने के इसी संकल्प को उस समय नई ऊर्जा और मजबूती मिली, जब डॉ. अर्चना गुप्ता को भारतीय जनता पार्टी हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। उनके नेतृत्व से न केवल महिलाओं को राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी, बल्कि संगठन को भी नई दिशा और सशक्त कार्यशैली प्राप्त होगी। इस अवसर पर अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन कुरुक्षेत्र के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व जिला सह संयोजक मेघराज बंसल ने हर्ष व्यक्त करते हुए डॉ. अर्चना गुप्ता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता के अनुभव, नेतृत्व क्षमता और संगठन के प्रति समर्पण से भाजपा हरियाणा को नई मजबूती मिलेगी तथा कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होगा। मेघराज बंसल ने विश्वास जताया कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी प्रदेश में संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत होगी तथा महिलाओं, युवाओं और व्यापारिक वर्ग सहित समाज के हर वर्ग को साथ लेकर विकास एवं जनसेवा के कार्यों को नई गति मिलेगी। यह नियुक्ति महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ हरियाणा की राजनीति में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश भी देती है।

## धुंधली कॉपियां, गायब पन्ने: CBSE मूल्यांकन प्रक्रिया पर प्रश्न चिह्न, स्कैन कॉपियों में गड़बड़ी पर भड़के छात्र

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मई।**


केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं कक्षा का परिणाम आने के 15 दिन बाद भी हजारों विद्यार्थी मूल्यांकन प्रक्रिया यानी ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) पर सवाल उठा रहे हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि उत्तर पुस्तिकाओं के आखिर 40 करोड़ पन्ने स्कैन कैसे किए गए। विद्यार्थी सोशल मीडिया पर लगातार उत्तरपुस्तिका की ब्लर यानी धुंधली स्कैन कॉपी मिलने का आरोप लगा रहे हैं।

कई विद्यार्थियों का सप्लीमेंट्री कॉपी गायब होने का भी आरोप है। मगर, सीबीएसई ने जवाब नहीं दिया। 17 लाख से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। बोर्ड अधिकारियों ने कहा था कि 98 लाख कॉपियों की ओएसएम से जांच कराई गई।

अधिकतर कॉपियां 35 से 40 पेजों की होती हैं। सूत्रों ने बताया कि परीक्षा के दौरान मुख्य उत्तर पुस्तिका के बाद ज्यादातर बच्चे सप्लीमेंट्री कॉपी मांगते हैं, जो एक-दो या तीन हो सकती हैं।

ऐसे में औसत देखें तो प्रति विद्यार्थी करीब 40 पेजों की कॉपी रही होगी। सभी कॉपियों की गिनती की जाए तो 40 करोड़ पन्ने स्कैन करने पड़े होंगे। बच्चे अभिभावकों से लेकर विशेषज्ञ भी सवाल उठा रहे हैं कि इतनी अधिक कॉपियां और पन्ने एकसाथ स्कैन कैसे किए गए।

कैसे निगरानी हुई। ओएसएम प्रक्रिया में गड़बड़ी की शिकायतों के बीच सीबीएसई की ओर से बच्चों की शिकायतों के समाधान का लगातार दावा कर रहा है, पर बच्चों की परेशानी से राहत नहीं मिल पा रहीं।




गौरतलब है कि अभी तक चार लाख से ज्यादा विद्यार्थी पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर चुके हैं, जबकि सैकड़ों विद्यार्थी स्कैन उत्तर पुस्तिकाएं नहीं मिलने के कारण आवेदन करने से अब भी वंचित हैं।

### 'स्कैन कॉपी में पहला पेज मेरा, बाकी अन्य छात्र का'

नजफगढ़ स्थित द्वारका विहार निवासी छात्र ने बताया कि अंग्रेजी की स्कैन कॉपी मिली तो उसमें केवल पहला पृष्ठ उसका था, बाकी सभी पृष्ठ अन्य छात्र की उत्तर पुस्तिका के थे। इसके बाद अभिभावकों ने इसे गंभीर लापरवाही, अनियमितता व गड़बड़ी मानते हुए वकील के जरिये सीबीएसई को कानूनी नोटिस भेजा है।

### '12वीं के अंकों से तय होता है बच्चों का भविष्य'

कोचिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष केशव अग्रवाल का कहना है कि विद्यार्थी 15 दिन से मूल्यांकन पद्धति पर सवाल उठा रहे।

सीबीएसई को जवाब देने होंगे। 12वीं के अंकों के आधार पर आगे विद्यार्थियों का भविष्य तय होता है। एनसीईआरटी के पूर्व अध्यक्ष व शिक्षाविद् जेएस राजपूत ने कहा, सीबीएसई से कहीं कोई गलती हुई है, तो उसमें सुधार कर लेना चाहिए।

दिल्ली के देवांश खत्री बुधवार को सीबीएसई के पटपड़गंज कार्यालय में पहुंचे थे। आरोप है कि अकाउंटेंसी की 16 पन्नों की उनकी सप्लीमेंट्री कॉपी ही गायब है। उन्हें 12वीं में 89% अंक मिले हैं।

## दो महिलाओं के पेट से निकाले गए 13 व 14 किलो के ट्यूमर

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 28 मई।**

जिला एमएमजी अस्पताल के चिकित्सकों ने जटिल सर्जरी कर दो महिलाओं के पेट से बड़े आकार के ट्यूमर निकालने में सफलता हासिल की है। चिकित्सकों ने कैलाश नगर निवासी निर्मला देवी के पेट से करीब 15 किलो और दादरी निवासी रीता देवी के पेट से करीब 14 किलो का ट्यूमर निकाला। दोनों मरीजों की हालत सामान्य बताई जा रही है।

सर्जन डॉ. मिलिंद गौतम ने बताया कि दादरी निवासी रीता देवी (45) पिछले करीब पांच महीने से पेट दर्द की समस्या से परेशान थीं। उन्होंने निजी अस्पतालों और बादलपुर स्थित सरकारी अस्पताल में भी इलाज कराया, लेकिन आराम नहीं मिला। करीब आठ दिन पहले वह जिला एमएमजी अस्पताल की ओपीडी में पहुंचीं। जांच में उनके पेट में बड़ा ट्यूमर होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद चिकित्सकों ने ऑपरेशन की सलाह दी। परिवार की सहमति मिलने पर मंगलवार को सफल सर्जरी कर करीब 14 किलो का ट्यूमर निकाला गया।

वहीं, कैलाश नगर निवासी निर्मला देवी (57) पिछले करीब एक वर्ष से पेट दर्द से पीड़ित थीं। निजी अस्पताल में उपचार के बावजूद उन्हें राहत नहीं मिली। बाद में वह उपचार के लिए एमएमजी अस्पताल पहुंचीं, जहां जांच में पेट में बड़ा ट्यूमर मिला। मंगलवार को चिकित्सकों ने उनका भी सफल ऑपरेशन कर करीब 15 किलो का ट्यूमर निकाला।


## विधायक विनोद भयाना ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की मुलाकात

## हांसी जंक्शन पर ट्रेनों के ठहराव व रेल सुविधाओं के विस्तार की रखी मांग

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 28 मई। विधायक विनोद भयाना ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर हांसी रेलवे स्टेशन पर विभिन्न महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव तथा रेल सेवाओं के विस्तार की मांग रखी। विधायक ने रेल मंत्री को इस संबंध में एक विस्तृत मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि हांसी को हाल ही में हरियाणा का 23वां जिला बनाया गया है, जिसके बाद यहां रेल सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक हो गया है।

विधायक विनोद भयाना ने रेल मंत्री को अवगत करवाया कि हांसी रेलवे स्टेशन उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण जंक्शन के रूप में विकसित हो चुका है। स्टेशन के दोनों दिशाओं के ट्रैक का विद्युतीकरण पूर्ण हो चुका है तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नई आधुनिक स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। ऐसे में हांसी में प्रमुख ट्रेनों के ठहराव से लाखों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।



विधायक ने कहा कि जिला बनने के बाद हांसी तथा आसपास के क्षेत्रों में यात्रियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। विद्यार्थी, व्यापारी, कर्मचारी तथा आमजन की रेल सेवाओं पर काफी निर्भरता है, लेकिन अनेक महत्वपूर्ण ट्रेनें हांसी जंक्शन से बिना रुके गुजर जाती हैं, जिससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

विधायक ने रेल मंत्री से गोरखपुर-भटिंडा एक्सप्रेसके हांसी जंक्शन पर नियमित ठहराव की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे हरियाणा, पंजाब तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

इसके अतिरिक्त अगरतला-फिरोजपुर एक्सप्रेस का हांसी में ठहराव सुनिश्चित करने का आग्रह भी किया गया। विधायक ने बताया कि यह ट्रेन भिवानी जंक्शन से बाईपास होकर निकलती है और हांसी में ठहराव देने से यात्रियों को अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा।

विधायक विनोद भयाना ने हरिद्वार-बीकानेर एक्सप्रेस तथा साबरमती-कटरा एक्सप्रेस के हांसी जंक्शन पर ठहराव की मांग भी प्रमुखता से उठाई। उन्होंने कहा कि इन ट्रेनों के ठहराव से धार्मिक, व्यापारिक तथा पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और रेलवे राजस्व में भी वृद्धि होगी।

इसके साथ ही उन्होंने जोधपुर-हिसार एक्सप्रेस का विस्तार भिवानी शहर तक किए जाने की मांग रखते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के यात्रियों को अतिरिक्त रेल सुविधा उपलब्ध होगी।

## बुर्जुग महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 12 लाख ठगे

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 28 मई।** कविनगर के गोविंदपुरम में रहने वाली 76 वर्षीय घरेलू महिला को साइबर ठगों ने अपना शिकार बनाया। ठगों ने महिला का आधार कार्ड आतंकवाद से जुड़ा होने का भय दिखाया। साइबर ठगों ने पीड़िता को डिजिटल अरेस्ट किया और 23 दिनों तक मानसिक उत्पीड़न कर 12 लाख रुपये अलग-अलग दिनों में ट्रांसफर कराए। पीड़िता ने साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एडीसीपी अपराध पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि सुरजीत कौर सोढ़ी के मुताबिक 13 मार्च 2026 को उनके मोबाइल पर वाट्सएप काल आई। काल करने वाले ने खुद को साइबर क्राइम जांच एजेंसी का अधिकारी बताया और कहा कि उनका आधार कार्ड आतंकवाद से जुड़ी गतिविधियों में इस्तेमाल हुआ है। मुंबई में उनके नाम पर छह करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई है। ठगों ने महिला को वीडियो काल पर डिजिटल अरेस्ट कर लिया और किसी से बात करने से मना कर दिया। विरोध न करने पर जांच में सहयोग करने और विरोध करने पर गिरफ्तार कर जेल भेजने की धमकी दी। धमकी दी कि उनके आधार कार्ड से जितनी धनराशि की धोखाधड़ी हुई है वह उनके बताए खाते में जमा करनी होगी। जो जांच के बाद वापस मिल जाएगी। साइबर ठगों के झांसे में आकर 16 मार्च 2026 को छह लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद 19 मार्च को फिर चार लाख रुपये दूसरे खाते ट्रांसफर किए।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# तिरुपति के पास नया मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाएगी रॉयल एनफील्ड

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मई।



बाइक निर्माता कंपनी रॉयल एनफील्ड अब तमिलनाडु से बाहर अपने कारोबार का विस्तार करने जा रही है। रॉयल एनफील्ड आंध्र प्रदेश के तिरुपति के पास ताडा क्षेत्र में नया मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने की तैयारी कर रही है। इस नए संयंत्र में कंपनी की बहुप्रतीक्षित इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल 'फ्लाइंग फ्ली' का उत्पादन शुरू किया जा सकता है। फिलहाल कंपनी की सभी मोटरसाइकिलें चेन्नई के आसपास स्थित फैक्ट्रियों में तैयार की जाती हैं। लगातार दूसरे वर्ष 10 लाख से अधिक मोटरसाइकिलों की बिक्री दर्ज करने के बाद कंपनी अब अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर जोर दे रही है। घरेलू बाजार में 350 सीसी मोटरसाइकिलों की मजबूत मांग, विदेशों में बढ़ते निर्यात और बड़ी क्षमता वाली बाइकों की लोकप्रियता के कारण मौजूदा उत्पादन इकाइयों पर दबाव बढ़ गया है। इसी को देखते हुए कंपनी वित्त वर्ष 2028 तक अपनी सालाना उत्पादन क्षमता 14.6 लाख यूनिट से बढ़ाकर करीब 20 लाख यूनिट करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि तमिलनाडु उसके संचालन का प्रमुख केंद्र बना रहेगा। चेन्नई के आसपास ओरागडम, वल्लम वडागल, तिरुवोट्टियूर और चेय्यार स्थित फैक्ट्रियां पहले की तरह उत्पादन का मुख्य आधार रहेंगी। यहां कंपनी को मजबूत सप्लायर नेटवर्क और प्रशिक्षित श्रमिकों का लाभ मिलता है।

हालांकि, आंध्र प्रदेश के नए प्लांट में सबसे पहले इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण पर फोकस रहने की संभावना है।

इलेक्ट्रिक बाइकों के अलावा कंपनी पेट्रोल इंजन वाले सेगमेंट में भी कई नई मोटरसाइकिलें लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। आने वाले समय में बुलेट 650, हिमालयन 750 और 450 सीसी प्लेटफॉर्म पर आधारित नई स्क्रैम्बलर बाइक बाजार में उतारी जा सकती है।

इसके साथ ही कॉन्टिनेंटल जीटी 650 के अपडेटेड मॉडल और 350 सीसी रेंज में नई बाइकों पर भी काम जारी है। इन नई परियोजनाओं और प्लांट विस्तार के लिए कंपनी वित्त वर्ष 2027 में लगभग 2,200 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही है।

## मारुति सुजुकी फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक से लैस नई कार करेगी पेश

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मई।** भारत में जल्द ही मारुति सुजुकी फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक से लैस नई कार पेश करने वाली है। मारुति सुजुकी कंपनी ने संकेत दिए हैं कि पर्यावरण दिवस यानी 5 जून 2025 को वह ऐसी कार प्रदर्शित कर सकती है, जो ई-100 इथेनॉल फ्यूल पर चलने में सक्षम होगी। कंपनी के मुताबिक इस वाहन में खास तरह का फ्यूल स्टोरेज, डिलीवरी और इग्निशन सिस्टम लगाया जाएगा, जिससे यह ई-100 ईंधन के अनुकूल बन सके। इथेनॉल सामान्य पेट्रोल की तुलना में अधिक नमी सोखता है, इसलिए इंजन और फ्यूल सिस्टम में विशेष बदलाव जरूरी होते हैं। इसी वजह से कंपनी ने इस तकनीक को भारतीय परिस्थितियों के हिसाब से तैयार किया है। सरकार और ऑटो कंपनियां लंबे समय से इथेनॉल मिश्रित ईंधन को बढ़ावा दे रही हैं। इसका उद्देश्य प्रदूषण कम करना, स्वदेशी ईंधन उत्पादन को बढ़ावा देना और कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटाना है। वैश्विक स्तर पर बढ़ती ऊर्जा सुरक्षा चिंताओं के बीच इसे बड़ा कदम माना जा रहा है।

मारुति सुजुकी के अलावा टोयोटा, टाटा, महिंद्रा और सुजुकी सहित कुल 12 कंपनियां फ्लेक्स-फ्यूल वाहन प्रदर्शित कर चुकी हैं। वहीं होंडा और सुजुकी फ्लेक्स-फ्यूल टू-व्हीलर भी पेश कर चुकी हैं। भारत में पहले ही ई-20 पेट्रोल को मानकीकृत किया जा चुका है, जबकि भारतीय मानक ब्यूरो ने ई-22, ई-25, ई-27 और ई-30 फ्यूल के लिए भी मानक जारी कर दिए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### जेब से स्वास्थ्य खर्च में बढ़ोतरी, सरकार का अंशदान घटा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा 2022-23: लोगों की जेब से खर्च बढ़कर 43.4 फीसद हुआ

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मई।** देश में स्वास्थ्य सेवाओं पर होने वाले कुल व्यय में लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन इसमें लोगों द्वारा सीधे अपनी जेब से किया जाने वाला खर्च (आउट-ऑफ-पॉकेट एक्सपेंडिचर- ओओपीई) भी बढ़ा है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा अनुमान 2022-23 के अनुसार, कुल स्वास्थ्य व्यय में ओओपीई एक साल में 39.4 फीसदी (2021-22) से बढ़कर 43.4 फीसदी हो गया है। इसी अवधि में, स्वास्थ्य पर सरकार का अंश 48 फीसदी से घटकर 43.7 फीसदी रह गया है। यह पहली बार है जब राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुमानों में ओओपीई में वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है, जो बढ़ती लागतों की ओर इशारा करता है। रिपोर्ट बताती है कि कोविड-19 महामारी के बाद पूर्ण रूप से खुलने के पहले साल (2022-23) में स्वास्थ्य, निदान और फार्मास्यूटिकल्स की उच्च लागत और मांग के कारण ओओपीई में यह वृद्धि हुई है। हालांकि, व्यापक तौर पर देखा जाए तो 2013-14 में दर्ज किए गए 64.2 फीसदी की तुलना में घरेलू खर्च में दशक के आधार पर गिरावट आई है, जो केंद्र के वित्त वर्ष 2025-26 तक ओओपीई को 35 फीसदी तक कम करने के लक्ष्य के अनुरूप है। फिर भी, हालिया वार्षिक वृद्धि चिंता का विषय बनी हुई है।

# एनएचएआई ने मुद्रीकरण के लिए नौ राज्यों के 1692.5 किलोमीटर लंबाई के राजमार्गों का चयन किया



मंत्रालय ने बयान में कहा कि जिन राष्ट्रीय राजमार्ग संपत्तियों का चयन किया गया है, उनकी कुल लंबाई 1,692.5 किलोमीटर है, जिसमें नौ राज्यों—हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र—के विभिन्न खंड शामिल हैं।

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मई।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान मुद्रीकरण के लिए नौ राज्यों के 1692.5 किलोमीटर लंबाई के राजमार्गों का चयन किया। यह जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा गुरुवार को दी गई। मंत्रालय ने बताया कि यह चयन 'टोल-ऑपरेट-ट्रांसफर' (टीओटी) और 'इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट' (इनविट्स) माध्यमों के तहत मुद्रीकरण के लिए किया गया है। इन राजमार्गों की सूची में उन संपत्तियों को शामिल नहीं किया गया है, जिनका मुद्रीकरण वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 'राजमार्ग इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट' (आरआईआईटी) के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है। मंत्रालय ने बयान में कहा कि जिन राष्ट्रीय राजमार्ग संपत्तियों का चयन किया गया है, उनकी कुल लंबाई 1,692.5 किलोमीटर है, जिसमें नौ राज्यों—हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र—के विभिन्न खंड शामिल हैं। ये राजमार्ग संपत्तियां सामूहिक रूप से ऐसे आर्थिक और लॉजिस्टिक्स गलियारों का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिनमें यातायात की अच्छी-खासी संभावना है और जो कनेक्टिविटी के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

मुद्रीकरण की यह प्रक्रिया टीओटी और इनविट्स फ्रेमवर्क के तहत पारदर्शी और व्यवस्थित तंत्रों के माध्यम से पूरी की जाएगी। ये फ्रेमवर्क राष्ट्रीय राजमार्गों के बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए दीर्घकालिक संस्थागत निवेश आकर्षित करने में सफल मॉडल साबित हुए हैं। ये फ्रेमवर्क, सतत बुनियादी ढांचे के विकास के लिए नवीन वित्तपोषण तंत्रों को अपनाते हुए, परिसंपत्ति के कुशल प्रबंधन और परिचालन उत्कृष्टता को भी सुनिश्चित करते हैं। मंत्रालय ने बताया कि यह पहल भारत सरकार की 'संपत्ति मुद्रीकरण रणनीति' का हिस्सा है। इस रणनीति का मुख्य उद्देश्य संचालित राष्ट्रीय राजमार्ग संपत्तियों का लाभ उठाकर, भावी बुनियादी ढांचा विकास के लिए पूंजी जुटाना, निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देना और राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के विस्तार तथा आधुनिकीकरण की प्रक्रिया को तेज करना है। इससे निवेशकों/बोलीदाताओं को अपने निवेश की योजना अधिक कुशल तरीके से बनाने में मदद मिलेगी।

## कोल इंडिया हिस्सेदारी बिक्री निवेशकों के लिए आखिरी मौका

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मई।** भारत सरकार अपनी विनिवेश रणनीति के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) में अपनी हिस्सेदारी बेचने जा रही है। यह हिस्सेदारी बिक्री ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के माध्यम से की जाएगी, जिसके तहत सरकार सीआईएल में 20 प्रतिशत तक की इक्विटी बेचने का लक्ष्य लेकर चल रही है। मंगलवार को सरकारी माइनिंग कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इस संबंध में जानकारी साझा की। केंद्र सरकार ने इस ओएफएस के लिए प्रति शेयर न्यूनतम मूल्य या फ्लोर प्राइस 412 रुपये निर्धारित किया है। यह मूल्य बीते कारोबारी दिन मंगलवार को कोल इंडिया के एनएसई क्लोजिंग प्राइस 455.90 रुपये से लगभग 10 प्रतिशत कम है, जो निवेशकों को रियायती दर पर सरकारी कंपनी के शेयर खरीदने का आकर्षक अवसर प्रदान करता है। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के लिए निर्धारित 80,000 करोड़ रुपये के विनिवेश लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में कोल इंडिया के शेयर बेचकर 5,000 करोड़ रुपये तक जुटाना है।

ओएफएस के तहत केंद्र सरकार कोल इंडिया की कुल इक्विटी पूंजी के 1 प्रतिशत के बराबर 6.16 करोड़ शेयर बेच सकती है। इसके अतिरिक्त, ओवरसब्सक्रिप्शन की स्थिति में सरकार ने इतने ही एक्स्ट्रा शेयर बेचने के लिए ग्रीन शू विकल्प अपने पास रखा है। इस प्रकार, कुल 12.32 करोड़ शेयरों की बिक्री हो सकती है, जो कंपनी में सरकार की 2 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। फ्लोर प्राइस के हिसाब से 1 प्रतिशत बेस हिस्सेदारी की बिक्री से ही सरकार को 2,500 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने की उम्मीद है, जबकि ग्रीन शू विकल्प का पूरा उपयोग होने पर यह राशि दोगुनी होकर 5,000 करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है।

## जिलेट इंडिया का दमदार मुनाफा, शेयरधारकों को 60 डिविडेंड का ऐलान

मार्च तिमाही में लाभ 21 फीसदी बढ़कर 192.5 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मई।** जिलेट इंडिया लिमिटेड ने मार्च 2026 तिमाही के लिए मजबूत वित्तीय नतीजे पेश किए हैं। कंपनी ने सालाना आधार पर अपने मुनाफे में 21 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज करते हुए शेयरधारकों हेतु प्रति इक्विटी शेयर 60 रुपए के अंतिम डिविडेंड की सिफारिश की है। कंपनी बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 60 रुपये के फाइनल डिविडेंड की सिफारिश की है। यह आगामी 42वीं एनुअल जनरल मीटिंग में शेयरधारकों की मंजूरी पर निर्भर करेगा। मंजूरी उपरांत, भुगतान 18 सितंबर 2026 तक कर दिया जाएगा। मार्च 2026 तिमाही में जिलेट इंडिया का मुनाफा 21.3 फीसदी बढ़कर 192.5 करोड़ रुपये रहा। ऑपरेशंस से आय 792 करोड़ रुपये दर्ज हुई।

# स्विगी का क्विक कॉमर्स में नया दांव मुनाफा पहले, विस्तार बाद में

अनियंत्रित खर्च बचेगा, टिकाऊ ग्राहकों और दीर्घकालिक मॉडल पर जोर

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मई।



भारत के तेजी से बढ़ते और प्रतिस्पर्धी क्विक कॉमर्स बाजार में स्विगी ने अपनी रणनीति में एक अहम बदलाव का संकेत दिया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने घोषणा की है कि स्विगी अब अनियंत्रित खर्च कर ग्राहकों की होड़ में शामिल होने के बजाय मुनाफे और टिकाऊ ग्राहक संबंधों पर ध्यान केंद्रित करेगी। इस फैसले का मतलब है कि कंपनी फ्लिपकार्ट, अमेजन और रिलायंस रिटेल जैसे प्रतिद्वंद्वियों की तरह हर कीमत पर विस्तार की दौड़ से पीछे हट रही है।

उन्होंने बताया कि स्विगी अल्पकाल में कुछ ग्राहकों को खोने के लिए तैयार है, लेकिन उसका फोकस ऐसे ग्राहकों पर रहेगा जो लंबे समय तक जुड़े रहें और बेहतर कारोबार दें। जबकि प्रतिस्पर्धी कंपनियां 10 मिनट डिलीवरी और भारी छूट के जरिए तेजी से बाजार हिस्सेदारी बढ़ा रही हैं, स्विगी ने इस खर्च की रेस में उतनी तेजी से शामिल न होने का निर्णय लिया है। निवेशक भी अब इंस्टामार्ट के लिए मजबूत ग्रोथ और मुनाफे का स्पष्ट रोडमैप चाहते हैं। स्विगी की इंस्टामार्ट यूनिट देशभर में 1,100 से अधिक डार्क स्टोर्स चलाती है, लेकिन मार्च तिमाही में केवल 7 नए स्टोर जोड़ना धीमी विस्तार गति का संकेत देता है।

# बकरीद पर 28 मई को घरेलू शेयर बाजार बंद

डेरिवेटिव्स समेत सभी प्रमुख सेगमेंट रहेंगे बंद, कल से सामान्य होगा कामकाज

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मई।



बकरीद (ईद अल-अजहा) के पर्व के उपलक्ष्य में भारतीय शेयर बाजार गुरुवार 28 मई को बंद रहेंगे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव्स और करेंसी डेरिवेटिव्स जैसे प्रमुख सेगमेंट में ट्रेडिंग पूरी तरह से स्थगित रहेगी।

28 मई को इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव्स, सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बॉरोइंग (एसएलबी), करेंसी डेरिवेटिव्स और इंटरेस्ट रेट डेरिवेटिव्स सेगमेंट में ट्रेडिंग पूरी तरह बंद रहेगी। हालांकि, कमोडिटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में आंशिक कारोबार जारी रहेगा। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक ट्रेडिंग बंद रहेगी, लेकिन शाम के सत्र में 5 बजे से रात 11:30 या 11:55 बजे तक कारोबार फिर से शुरू होगा। बीएसई और एनएसई पर नियमित कारोबार अगले कारोबारी दिन शुक्रवार 29 मई से दोबारा शुरू होगा। इससे पहले, 27 मई को बाजार सीमित दायरे में रहा। अमेरिका-ईरान तनाव से सतर्कता के बावजूद कच्चे तेल की नरमी से कुछ सहारा मिला, लेकिन अंत में सेंसेक्स 0.19 फीसदी और निफ्टी 0.03 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 75,867.80 और निफ्टी 23,907.15 पर बंद हुए।

# वाहन चोर गिरोह के गैंगस्टर टीटू समेत चार गिरफ्तार, नौ वाहन बरामद

» **खोड़ा, यूटर्न/ 28 मई।**

वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह का सरगना गैंगस्टर बुलंदशहर के शिकारपुर स्थित जमालपुर गांव निवासी टीटू भी पुलिस के हत्थे चढ़ा है। आरोपियों ने चार दिन में खोड़ा से तीन बाइक चोरी की हैं। वह कार से आते थे और दिल्ली- नोएडा और गाजियाबाद से बाइक चोरी करके ले जाते थे।



आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने इंदिरापुरम अंडरपास खाली मैदान से सात बाइक, एक स्कूटी और चोरी के दौरान इस्तेमाल होने वाली एक कार भी बरामद की है।

एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि 26 मई की आधीरात के बाद पुलिस लोधी चौक के पास नहर पटरी पर वाहन चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान आई कार को रोका गया। कार में बिहार के सिवान स्थित बड़का गांव निवासी कुणाल, बदायूं के निकपुर निवासी रमन, बुलंदशहर के बहीपुर निवासी ललित चौहान और टीटू सवार थे। पूछताछ में सवालों के जवाब सही नहीं देने पर आरोपियों को थाने लाया गया। सख्ती से पूछताछ की गई तो आरोपियों ने बताया कि कुणाल वर्तमान में खोड़ा के इंदिरा गार्डन कॉलोनी में किराये पर टैक्सी चलाता है और रमन सैनिक विहार में रहता है। कुणाल की कार से इलाके में रेकी करते थे और सुनसान जगहों पर खड़ी बाइक व स्कूटी को चुरा लेते थे। गिरोह का सरगना गैंगस्टर टीटू है। बुलंदशहर पुलिस ने उस पर गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। वह जेल जमानत पर आया हुआ है। टैक्सी बुक करने पर ही कुणाल और अन्य आरोपियों की पहचान हुई थी।

गिरोह करीब एक वर्ष से चोरी की वारदात अंजाम दे रहा था। आरोपियों की निशानदेही पर बरामद हुई तीन बाइकें खोड़ा से, तीन गौतमबुद्ध नगर और एक महरौली से चुराई गई थी। बाकी बरामद वाहनों की जांच की जा रही है। एसीपी ने बताया कि आरोपी टीटू के खिलाफ चोरी समेत अन्य अपराधों में चार मामले पूर्व से दर्ज हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब पीकर सार्वजनिक स्थानों पर हंगामा करने वाले 309 धरे

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 28 मई।** गुरुग्राम पुलिस ने 26 मई को शराब पीकर सार्वजनिक स्थानों पर हंगामा करने वाले 309 लोगों को काबू किया। इन सभी को बीएनएसएस की धारा 172(2) के तहत हिरासत में लिया गया। हालांकि पुलिस ने हिरासत में लिए गए लोगों को चेतावनी देकर व शांति बनाए रखने का बांड भरवाकर छोड़ दिया है। पुलिस आयुक्त ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश जारी किए हैं कि सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं, ताकि राहगीरों को परेशानी न हो।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) करण गोयल के निर्देशन में पुलिस ने अपराध नियंत्रण व सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पार्कों, पार्किंग स्थलों, सड़कों किनारे सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन कर रहे 309 लोगों को पकड़ा गया। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर हुड़दंग, नशाखोरी व कानून व्यवस्था को हाथ में लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। भविष्य में इस तरह के विशेष अभियान जारी रहेंगे।

### कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के लिए राज्यव्यापी आंदोलन का ऐलान

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 28 मई।** हरियाणा में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने ठेका प्रथा खत्म करने और पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग को लेकर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने राज्यव्यापी आंदोलन का ऐलान कर दिया है। नगर निगम कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित जिला कमेटी की विस्तारित बैठक में संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि सरकार चाहे तो तुरंत नियमितीकरण नीति लागू कर सकती है लेकिन उसकी नीयत साफ नहीं है।

# दिल्ली-NCR में बदलने वाला है मौसम गर्मी और लू के थपेड़ों से आज राहत के आसार

□ मौसम विभाग ने 28 को यलो और 29 मई को बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके बाद 30 से 31 मई के बीच मौसम ठंडा रहेगा और तापमान 34 से 37 डिग्री तक रहने का अनुमान है



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मई।**

दिल्ली-एनसीआर में मौसम बदलने वाला है। कई दिनों से भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों की मार झेल रहे लोगों को आज से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी है कि एक नया पश्चिमी विक्षोभ 28 मई से उत्तर-पश्चिमी भारत को प्रभावित कर सकता है। इसका असर दिल्ली-एनसीआर में 28, 29, 30 और 31 मई को देखने को मिलेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, 28 और 29 मई से मौसम में बदलाव शुरू होगा। इस दौरान आंशिक बादल छाने के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। ऐसे में गरज-चमक और तेज हवाओं की संभावना रहेगी, जिनकी गति 40 से 50 किमी प्रति घंटा और कुछ समय 60 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है।

मौसम विभाग ने 28 को यलो और 29 मई को बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके बाद 30 से 31 मई के बीच मौसम ठंडा रहेगा और तापमान 34 से 37 डिग्री तक रहने का अनुमान है, जबकि आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश के साथ गरज-चमक और तेज हवाओं का दौर जारी रह सकता है।

इससे तापमान में गिरावट आने की संभावना हैं। वहीं, 1 जून से फिर तपिश का दौर जारी होगा। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम तापमान 37 से 39 और न्यूनतम 25 से 27 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। इस दिन हवाएं विभिन्न दिशा से चल सकती हैं।

### 44.3 डिग्री का टॉर्चर झेला

बुधवार को आसमान से बरसती आग और भीषण गर्मी के बीच दिल्लीवासियों का हाल बेहाल रहा। दिनभर लू के थपेड़े लगे। ज्यादातर इलाकों में दिन का तापमान 44 या 45 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। ऐसे में लगातार 12वें दिन पारा 40 के ऊपर रहा। साथ ही, अधिकतम तापमान 44.3 और न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री दर्ज हुआ। दिल्ली में अधिकतम आर्द्रता 56 प्रतिशत और न्यूनतम आर्द्रता 14 प्रतिशत रही।

## दो साल के मासूम के फेफड़े में एक हफ्ते तक फंसा रहा रिमोट का बल्ब, जटिल प्रक्रिया से निकाला

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 28 मई।** एक निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने दो साल के बच्चे के फेफड़े में एक सप्ताह से फंसे टीवी रिमोट के छोटे बल्बनुमा हिस्से को सफलतापूर्वक बाहर निकालकर उसकी जान बचाई। लगातार खांसी, सांस लेने में दिक्कत और तेज आवाज के साथ सांस आने की शिकायत के बाद बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में पता चला कि रिमोट का बल्ब बच्चे के दाहिने फेफड़े की निचली सांस नली में गहराई तक फंसा हुआ था।

जानकारी के अनुसार बच्चे को 11 मई को इमरजेंसी विभाग में लाया गया था। परिवार शुरूआत में इसे सामान्य संक्रमण मानकर स्थानीय बाल रोग विशेषज्ञ से इलाज करा रहा था, लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर आगे जांच कराई गई। इसी दौरान परिजनों को याद आया कि करीब एक सप्ताह पहले बच्चा टीवी रिमोट के छोटे बल्ब जैसे हिस्से से खेल रहा था और संभव है कि वह गलती से उसे गले में चला गया हो। इसके बाद बच्चे को सेक्टर-88 स्थित अमृता अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल में जांच के दौरान पता चला कि बल्ब सांस की पतली नली में गहराई तक फंसा हुआ है। लंबे समय तक फंसे रहने के कारण वहां सूजन और ग्रैनुलेशन टिश्यू भी बन चुका था।

## मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन, 29 मई को आक्रोश रैली की चेतावनी

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 28 मई।** अपनी मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का आंदोलन लगातार जारी है। मंगलवार को कर्मचारियों ने बीडीपीओ कार्यालय बल्लभगढ़ के सामने धरना देकर प्रदर्शन किया। तेज धूप और गर्मी के बावजूद कर्मचारियों ने मेन बाजार से अंबेडकर चौक तक मार्च निकाला और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन की अध्यक्षता राजू नरावली ने की, जबकि संचालन वित्त सचिव दिनेश पाली ने किया। यूनियन नेताओं ने बताया कि कर्मचारियों की हड़ताल 13वें दिन में प्रवेश कर चुकी है और इसे 31 मई तक बढ़ा दिया गया है। जिला सचिव राजू बहादुरपुर और उपप्रधान महेंद्र माडोतिया ने कहा कि राज्य कमेटी के आ'ान पर 29 मई को सेक्टर-16 स्थित कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के कार्यालय के सामने आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा।

## दो युवकों ने मंदिर के तीन दान पात्रों से पैसे चुराए

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 28 मई।** शिकोहपुर गांव स्थित जोहड़ वाले मंदिर में 26 मई की देर रात दो युवकों ने तीन दान पात्रों को उखाड़कर पैसे चुरा लिए। यह वारदात मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। युवकों ने दान पात्रों को मंदिर परिसर के साथ लगते सुनसान क्षेत्र में ले जाकर छनी-हथौड़े या किसी नुकीली वस्तु से तोड़कर रुपये निकाल लिए। मामले की सूचना मिलने पर खेड़कीदौला थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम से घटनास्थल से निरीक्षण कराकर साक्ष्य एकत्रित किए।

मंदिर प्रबंधन समिति की शिकायत पर खेड़कीदौला थाने में अज्ञात के खिलाफ चोरी संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मंदिर के दानपात्रों में करीब 1.50 लाख रुपये होने का अनुमान है। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह मंदिर प्रबंधन व सेवादार रोजाना की तरह पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। मंदिर परिसर में पहुंचने पर देखा कि दान पात्र उखड़ा मिला।

## बीके अस्पताल में बंद पड़े एसी, पंखों के सहारे व्यवस्था

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 28 मई।** भीषण गर्मी और उमस के बीच जिला नागरिक अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल का सेंट्रल एसी सिस्टम दो वर्षों से अधिक समय से खराब पड़ा है, जबकि छत पर रखी मशीनें जंग खा रही हैं। इसके बावजूद अब तक व्यवस्था को दुरुस्त नहीं कराया गया है। हालात यह हैं कि सेंट्रल एसी सिस्टम बंद होने के साथ-साथ विशेषज्ञों की ओपीडी के बाहर लगे वॉल एसी भी अधिकतर समय बंद पड़े रहते हैं। अस्पताल में केवल पंखों के सहारे व्यवस्था चल रही है। बंद परिसरों और भारी भीड़ के कारण उमस लगातार बढ़ रही है, जिससे सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों और बुर्जुग मरीजों को झेलनी पड़ रही है। अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, लेकिन भीड़ और खराब वेंटिलेशन के कारण ओपीडी और वार्डों में लोगों को घंटों पसीने में बैठकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। मरीजों और तीमारदारों का कहना है कि कई जगह पंखे भी धीमी गति से चल रहे हैं, जिससे हालात और खराब हो रहे हैं।

## छत पर सोने गए परिवार का सोना, नकदी और चेन बदमाशों ने चुराई

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 28 मई।** संजय कॉलोनी पुलिस चौकी क्षेत्र में गर्मी के कारण छत पर सोना एक परिवार को भारी पड़ गया। मंगलवार देर रात बदमाश घर में घुसकर लाखों रुपये के गहने और नकदी चोरी कर भाग गए। घटना संजय एन्क्लेव रामफल मंडी के पास की है। पीड़ित अनिल की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। अनिल ने बताया कि रात में घर का कूलर खराब हो गया था, जिसके कारण पूरा परिवार छत पर सोने चला गया। रात करीब 11 बजे उन्होंने एक मिस्त्री को बुलाकर कूलर भी दिखाया, लेकिन उसने सुबह आने की बात कही। इसी दौरान रात करीब 1 से 2 बजे के बीच चोर घर का दरवाजा खोलकर अंदर घुस गए। चोरों ने मुख्य कमरे में रखी अलमारी तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण, जरूरी सामान और करीब डेढ़ लाख रुपये नकद चोरी कर लिए। नकदी कारीगरों को भुगतान करने के लिए घर में रखी गई थी। सुबह करीब 5 बजे परिवार नीचे आया तो तीनों कमरों के दरवाजे खुले मिले और सामान बिखरा पड़ा था।

# बीटेक छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने में युवक पर प्राथमिकी दर्ज




» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 28 मई।**

वाईएमसीए कॉलेज की एक बीटेक छात्रा को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में गांव के ही युवक पर प्राथमिकी दर्ज की है। युवक की पहचान रेवाड़ी के गांव मौतला खुर्द निवासी सौरभ के रूप में हुई है। सेक्टर-8 थाना पुलिस ने नौ माह बाद मृतका के पिता की शिकायत और प्राथमिक जांच के बाद आरोपी के खिलाफ यह कार्रवाई की है।

रेवाड़ी जिले के गांव मौतला खुर्द निवासी पीड़ित पिता अविनाश ने पुलिस को शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि इकलौती बेटी वंशिका (22) फरीदाबाद के वाईएमसीए कॉलेज में बीटेक थर्ड ईयर की छात्रा थी और कॉलेज के सरोजनी हॉस्टल के रूम नंबर 104 में रहती थी। नौ अगस्त 2025 की दोपहर को वंशिका ने माता-पिता से फोन पर अच्छे से बात की थी, लेकिन शाम करीब पांच बजे कॉलेज से फोन आया कि उसकी तबीयत बहुत खराब है। जब पिता अपने भाई के साथ कॉलेज पहुंचे, तो पता चला कि वंशिका ने कमरे में पंखे से चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है।

मृतका की रूम पार्टनर पिंकी ने पुलिस को बताया कि घटना से कुछ देर पहले वंशिका की उसके ही गांव के सौरभ से मोबाइल पर तेज-तेज आवाज में बहस हो रही थी। पीड़ित पिता का आरोप है कि उन्होंने अपनी बेटी को पढ़ाई के लिए करीब एक लाख रुपये की कीमत का एक लैपटॉप खरीद कर दिया था, जो उसकी मौत के बाद हॉस्टल के कमरे से गायब मिला। आरोप है कि गांव मौतला खुर्द निवासी सौरभ ने वंशिका को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और उसका कीमती लैपटॉप भी अपने कब्जे में ले लिया।



## सलमान का इंस्टाग्राम प्रोफाइल अचानक हुआ गायब, फैंस में फैली चिंता

अभिनेता सलमान खान एक बार फिर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गए हैं। सलमान खान का इंस्टाग्राम प्रोफाइल कुछ समय के लिए अचानक गायब हो गया, जिसके बाद उनके फैंस के बीच हलचल मच गई। लोग लगातार सोशल मीडिया पर यह जानने की कोशिश करते रहे कि आखिर अभिनेता का अकाउंट अचानक डीएक्टिवेट कैसे हो गया। जब भी इस अप्रत्याशित घटना से कई लोगों को लगा कि शायद अभिनेता ने खुद ही अपना अकाउंट बंद कर दिया है, जिससे फैंस में चिंता और निराशा का माहौल बन गया। हालांकि, थोड़ी देर बाद उनकी प्रोफाइल पहले की तरह ही सक्रिय दिखाई देने लगी, जिससे सभी ने राहत की सांस ली। अब तक यह साफ नहीं हो पाया है कि यह तकनीकी खराबी थी, अकाउंट को जानबूझकर थोड़ी देर के लिए बंद किया गया था, या फिर किसी ने उनके अकाउंट को हैक करने की कोशिश की थी। इस पूरे मामले में सलमान खान या उनकी टीम की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है.

## अदालत का उद्देश्य जानवरों को निर्ममता से हटाना नहीं

# सोनम बाजवा

पंजाबी फिल्मों की लोकप्रिय अभिनेत्री सोनम बाजवा ने आवारा कुत्तों से जुड़े संवेदनशील मुद्दे पर मुख्यमंत्री भगवंत मान से भावुक अपील की है। सोशल मीडिया पर लंबा पोस्ट साझा करते हुए सोनम बाजवा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने स्ट्रे डॉग्स को बड़े पैमाने पर सड़कों से हटाने या खत्म करने का कोई सीधा आदेश नहीं दिया है। उन्होंने सरकार से इस मामले में दया, संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की मांग की। अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में सोनम बाजवा ने लिखा कि सुप्रीम कोर्ट ने केवल संवेदनशील सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों को नियंत्रित तरीके से हटाने की बात कही है, जिसमें नसबंदी, टीकाकरण और शेल्टरिंग जैसे वैज्ञानिक और मानवीय उपाय शामिल हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अदालत का उद्देश्य जानवरों को निर्ममता से हटाना नहीं, बल्कि समस्या का संतुलित समाधान निकालना है। अभिनेत्री ने राज्य की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए पूछा कि आखिर पर्याप्त शेल्टर और बुनियादी सुविधाएं कहां हैं। उन्होंने कहा कि जब तक आवारा जानवरों के लिए सही इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार नहीं किया जाता, तब तक उन्हें सड़कों से हटाने का फैसला बेजुबान जानवरों के लिए सजा जैसा साबित हो सकता है। सोनम ने कहा कि इंसानों की सुरक्षा निश्चित रूप से जरूरी है, लेकिन इसके साथ दया और जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान से अनुरोध किया कि इस पूरे मुद्दे पर दोबारा गंभीरता से विचार किया जाए और ऐसा समाधान निकाला जाए जो इंसानियत और संवेदनशीलता दोनों को साथ लेकर चले। सोनम ने सुझाव दिया कि सरकार को पशु कल्याण से जुड़े एनजीओ, पशु चिकित्सकों, स्थानीय प्रशासन और पब्लिक सेफ्टी एक्सपर्ट्स को साथ बैठाकर एक व्यावहारिक और मानवीय नीति तैयार करनी चाहिए। अपने पोस्ट के अंत में उन्होंने लिखा कि हम बेजुबानों के साथ जैसा व्यवहार करते हैं, वही यह तय करता है कि एक समाज के तौर पर हमारी पहचान क्या है। उनकी यह पंक्ति सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है और कई लोग उनकी बात का समर्थन करते नजर आ रहे हैं। दरअसल, हाल ही में स्ट्रे डॉग्स से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों को हटाने संबंधी निर्देशों को बरकरार रखा था। अदालत ने कहा था कि पशु जन्म नियंत्रण यानी एबीसी कार्यक्रम को प्रभावी तरीके से लागू नहीं किए जाने के कारण यह समस्या लगातार बढ़ रही है। कोर्ट ने राज्य सरकारों को निर्देश दिया था कि वे नसबंदी और टीकाकरण जैसे उपायों को सख्ती से लागू करें।







## लंदन में सोनम कपूर का विवाद

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर और उनके पति आनंद आहूजा एक बार फिर चर्चा में हैं, लेकिन इस बार वजह उनकी फिल्में या फैशन स्टाइल नहीं बल्कि लंदन स्थित उनकी आलीशान संपत्ति बन गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, लंदन के प्रतिष्ठित और महंगे इलाके नॉटिंग हिल में खरीदी गई उनकी हवेली को लेकर स्थानीय निवासियों और दंपति से जुड़ी कंपनी के बीच विवाद गहराता जा रहा है।

पड़ोसियों का कहना है कि इस प्रोजेक्ट से इलाके का माहौल और प्रॉपर्टी की कीमतें प्रभावित हो सकती हैं। बताया जा रहा है कि सोनम कपूर और आनंद आहूजा से जुड़ी कंपनी ने हवेली के पास स्थित एक अन्य इमारत में करीब 51 करोड़ रुपये मूल्य के पांच फ्लैट खरीदे हैं। इन फ्लैट्स को कथित तौर पर हवेली में काम करने वाले कर्मचारियों और स्टाफ के रहने के लिए इस्तेमाल किए जाने की संभावना जताई जा रही है। इसी बात को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। निवासियों का मानना है कि इससे नॉटिंग हिल जैसे हाई-प्रोफाइल रिहायशी इलाके की पहचान और वातावरण बदल सकता है।

## टी20 विश्वकप जीतने के इरादे से उतरेगी दक्षिण अफ्रीका : वोल्वार्ट

**जोहांसबर्ग, यूटर्न/ 28 मई।** हाल ही में भारतीय टीम के खिलाफ सीरीज जीत से उत्साहित दक्षिण अफ्रीकी महिला क्रिकेट टीम की कप्तान लौरा वोल्वार्ट अब अगले माह इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्वकप को जीतना चाहती हैं। वोल्वार्ट का कहना है कि उनकी टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है और वह खिताब जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने पिछले कुछ साल में लगातार सुधार किया है। वह साल 2023 और 2024 में लगातार दो टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंची है। इसके अलावा, टीम पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप में भी उपविजेता रही थी। लगातार फाइनल में पहुंचने के बाद भी खिताब हासिल नहीं कर पाने की निराशा से टीम नहीं है और उसके अंदर जीत का जज्बा बढ़ा है। वोल्वार्ट ने लिखा, लगातार दो बार टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचना निश्चित रूप से हमारे लिए बेहद खास रहा, लेकिन मुझे लगता है कि इसने हमें एक कदम और आगे बढ़ने के लिए उत्साहित कर दिया है। उनकी टीम को इस बार खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। गौरतब है कि इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले, दक्षिण अफ्रीका ने अप्रैल में पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में भारतीय टीम को 4-1 से हरा दिया था।




## श्रीलंकाई प्रीमियर लीग में खेलते दिखेंगे ऑलराउंडर विजय शंकर

**कोलंबो, यूटर्न/ 28 मई।** भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर विजय शंकर अब श्रीलंकाई प्रीमियर लीग टी20 टूर्नामेंट क्रिकेट में खेलते हुए नजर आयेंगे। श्रीलंकाई प्रीमियर लीग (एलपीएल) का छठा सत्र 17 जुलाई से 8 अगस्त तक कोलंबो में खेला जाएगा। श्रीलंकाई प्रीमियर लीग की ओर से 1 जून को होने वाले प्लेयर ड्राफ्ट के लिए बड़े नामों की सूची जारी कर दी गई है। कैंडी रॉयल्स टीम की इसके लिए जारी सूची में विजय शंकर का नाम सबसे पहले शामिल है। विजय के अलावा इंग्लैंड के मोईन अली और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन भी इस लीग में खेलेंगे। इन दोनो को ही इसकी संबंधित फ्रेंचाइजियों ने रिटेन किया है, जिससे इस सत्र में रोमांचक प्रतिस्पर्धा की उम्मीद जतायी जा रही है। साल 2019 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में भारतीय टीम में शामिल रहे विजय शंकर ने अपनी पहली ही गेंद पर विकेट लेकर रिकार्ड बनाया था। वह कैंडी रॉयल्स की टीम की ओर से खेलेंगे। उनके आने से उत्साहित लीग की ओर से कहा गया कि तमिलनाडु के इस तेज गेंदबाज ऑलराउंडर के आने से कैंडी की टीम और बेहतर हुई है। इस टीम में मोईन अली के साथ-साथ श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज और वानिंदु हसरंगा भी शामिल हैं। विजय शंकर ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और अब वह अंतरराष्ट्रीय लीग खेलते दिखेंगे।

# लेबनान में हिंसा बढ़ी: तटीय शहर टायर में इजरायल के हमले तेज, कई इलाकों को खाली करने के आदेश

» बेरुत, यूटर्न/ 28 मई।

इजरायल की सेना ने गुरुवार को दक्षिणी लेबनान के टायर शहर के निवासियों को इलाका खाली करने का आदेश जारी किया।

सेना ने कहा कि वह इस इलाके में 'ईरान समर्थित समूह' हिज्बुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई करेगी। आदेश में कहा गया, ''आईडीएफ (इजरायल डिफेंस फोर्सेज) को इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी पड़ रही है।' आदेश में यह भी कहा गया कि कुछ इमारतों के आसपास रहने वाले लोग इलाका छोड़कर जहरानी नदी के उत्तर की तरफ चले जाएं। इसी बीच, लेबनान की राष्ट्रीय



समाचार एजेंसी के अनुसार, दक्षिणी लेबनान के देइर आम्स गांव में हुए इजरायली हवाई हमले में दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। बताया गया कि यह हमला हिज्बुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाकर किया गया था।

ये हमले ऐसे समय पर हुए हैं जब दक्षिणी लेबनान में इजरायली कार्रवाई और तेज हो गई है।

शिन्हुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, लेबनान की सिविल डिफेंस ने बताया कि ड्रोन और हवाई हमलों से क्षतिग्रस्त इमारतों में फंसे 29 नागरिकों को बचाकर सुरक्षित निकाल लिया गया है। ये लोग दुवेइर और नबातीह कस्बों में फंसे हुए थे। इजरायली सेना ने नबातीह के लोगों के लिए पहले दिए गए खाली करने के आदेश को फिर से दोहराया और बाद में कफरहुना, आरामता, मलिता, जरजुआ और हुमाइन अल-फौका जैसे कस्बों के लिए भी ऐसे ही चेतावनी आदेश जारी किए। दूसरी तरफ, हिज्बुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने दक्षिण लेबनान के जौतार अल शर्किया में इजरायली सेना और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। समूह ने दावा किया कि उसने बुस्तान जत्तम के पास एक इजरायली मर्कवा टैंक पर ड्रोन हमला किया और तालेलट अल खजान तथा नदी के आसपास इजरायली सैनिकों और वाहनों पर रॉकेट, तोप और भारी हथियारों से हमला किया। हिज्बुल्लाह ने यह भी कहा कि उसके लड़ाके सुबह करीब 9 बजे जौतार अल शर्किया में स्काउट कॉम्प्लेक्स के पास करीब से इजरायली सैनिकों से भिड़े और हल्के और मध्यम हथियारों का इस्तेमाल किया, जिससे सैनिक पीछे हट गए।

## संक्षिप्त खबरें

### इबोला संक्रमण को अमेरिका में आने से रोकने के लिए ट्रंप प्रशासन मुस्तैद : मार्को रुबियो

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 28 मई।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि इबोला वायरस से होने वाले संक्रमण के मामलों को अमेरिका में आने से रोकने के लिए ट्रंप प्रशासन तेजी से काम कर रहा है। अफ्रीका के कुछ हिस्सों में इबोला के बढ़ते मामलों को लेकर बढ़ती चिंता के बीच विदेश मंत्री ने यह बात कही। व्हाइट हाउस में बुधवार (स्थानीय समय) को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के दौरान रुबियो ने कहा कि सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता अमेरिकियों को किसी भी संभावित संक्रमण से बचाना है। उन्होंने कहा कि हम किसी भी हालत में इबोला के मामलों को अमेरिका में आने नहीं देंगे।

### स्विट्जरलैंड के रेलवे स्टेशन पर चाकू से हमला, तीन घायल; संदिग्ध गिरफ्तार

**ज्यूरिख, यूटर्न/ 28 मई।** स्विट्जरलैंड स्थित एक रेलवे स्टेशन पर शख्स ने धारदार चाकू से कई लोगों पर ताबड़तोड़ हमला किया। पुलिस के अनुसार इस हमले में तीन लोग घायल हैं जिसमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। ज्यूरिख के पास स्थित विंटरथुर शहर के एक रेलवे स्टेशन पर चाकू से ये हमला हुआ। घटना सुबह (स्थानीय समयानुसार) हुई और संदिग्ध हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किया गया व्यक्ति 31 वर्षीय स्विस नागरिक है। तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय पुलिस ने कहा कि घटना के बाद इलाके में बड़े पैमाने पर सुरक्षा अभियान चलाया गया और स्थिति को नियंत्रण में ले लिया गया।

## ईरान ने होर्मुज से 23 जहाजों को गुजरने की अनुमति दी

**तेहरान, यूटर्न/ 28 मई।** ईरान ने बुधवार को 23 जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी। ईरान के सरकारी टेलीविजन की एक रिपोर्ट में कहा गया, 'बुधवार को जिन 23 जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए आईआरजीसी नौसेना से अनुमति मांगी थी, उन्हें उनके परमिट मिल गए हैं। आईआरजीसी नौसेना की शर्तें बरकरार हैं। ये शर्तें पहले दिन ही स्पष्ट कर दी गई थीं और आज भी मान्य हैं- कोई भी शत्रु देश होर्मुज जलडमरूमध्य से अपने जहाजों को नहीं गुजार सकता है, लेकिन ईरान उन लोगों के साथ सहयोग करता है जो उसकी व्यवस्था का सम्मान करना चाहते हैं।' उल्लेखनीय है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल के संयुक्त युद्ध से पहले होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह से खुला था और दुनिया भर के वाणिज्यिक टैंकर और मालवाहक जहाज इससे होकर गुजरते थे। लेकिन ईरान ने हमले के बाद इस जलडमरूमध्य को बंद कर दिया था। बाद में शांति वार्ता के असफल होने के बाद अमेरिका द्वारा 13 अप्रैल को ईरानी बंदरगाहों और जहाजों की नौसैनिक नाकेबंदी करने के बाद से ईरान ने बार-बार चेतावनी दी है कि ईरानी समन्वय के बिना जलडमरूमध्य को पार करने वाले जहाजों को रोके जाने या हमले का सामना करना पड़ सकता है।

## ईरान पर अमेरिका का नया प्रतिबंध, पर्शियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी को किया ब्लैकलिस्ट

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 28 मई।** अमेरिका ने ईरान पर दबाव बढ़ाते हुए एक नई पाबंदी लगाई है। अमेरिकी वित्त विभाग ने ईरान के 'पर्शियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी' को स्पेशली डिजिग्नेटेड नेशनल्स (एसडीएन) सूची में शामिल कर लिया है। यह प्राधिकरण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में समुद्री यातायात की निगरानी के लिए बनाया गया है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के ऑफिस ऑफ फॉरेन एसेट्स कंट्रोल (ओएफएसी) ने बुधवार को वेबसाइट पर जारी बयान में आरोप लगाया कि यह प्राधिकरण व्यावसायिक जहाजों से 'अवैध शुल्क' वसूलने और सुरक्षित मार्ग देने के बदले उन्हें ईरानी निर्देशों का पालन करने के लिए मजबूर कर रहा था। अमेरिका ने चेतावनी दी है कि इस संस्था के साथ सहयोग करने वाले किसी भी व्यक्ति या कंपनी पर भी प्रतिबंध लग सकता है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा, 'वैश्विक समुद्री व्यापार से वसूली करने की ईरानी सेना की यह नई कोशिश दिखाती है कि 'इकोनॉमिक फ्यूरी' अभियान ने ईरानी शासन को आर्थिक रूप से हताश कर दिया है।' ईरान ने 18 मई को 'पर्शियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी' की स्थापना की थी।

## लश्कर के आतंकी ने दी धमकी कहा- इजरायल को स्वीकार करने वाले तबाह हो जाएंगे

**इस्लामाबाद, यूटर्न/ 28 मई।** प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के डिप्टी चीफ और मोस्ट वांटेड आतंकी सैफुल्लाह कसूरी उर्फ खालिद ने एक बेहद भड़काऊ वीडियो संदेश जारी किया है। इंटरनेट पर वायरल हो रहे इस वीडियो में कसूरी ने सीधे तौर पर उन मुस्लिम देशों और शासकों को बर्बाद होने की धमकी दी है, जो इजरायल के अस्तित्व को स्वीकार करने या उसके साथ राजनयिक संबंध सामान्य करने की दिशा में बढ़ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, कसूरी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अब्राहम अकॉर्ड्स में शामिल होने के प्रस्ताव को आधिकारिक रूप से ठुकरा दिया है।

## बीजिंग में डब्ल्यूएमसीसी की 35वीं बैठक

# सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने पर भारत और चीन की सहमति

» बीजिंग, यूटर्न/ 28 मई।

नई दिल्ली और बीजिंग ने भारत-चीन सीमा मामलों पर सलाह और समन्वय के लिए बने वर्किंग मैकेनिज्म (डब्ल्यूएमसीसी) की 35वीं बैठक की। इस दौरान दोनों देशों ने सीमा निर्धारण, सीमा प्रबंधन, अलग-अलग तंत्रों के निर्माण और सीमा पार सहयोग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। बुधवार को बीजिंग में हुई इस बैठक में भारतीय पक्ष ने सीमा पार नदियों से जुड़े एक्सपर्ट लेवल मैकेनिज्म की अगली बैठक जल्द कराने पर जोर दिया।

विदेश मंत्रालय (एमईए) की ओर से जारी बयान के मुताबिक, दोनों देशों ने यह भी तय किया कि वे राजनयिक और सैन्य स्तर पर नियमित बातचीत और संपर्क बनाए रखेंगे। इसके लिए उन तंत्रों का भी इस्तेमाल किया जाएगा जिन पर 24वीं स्पेशल रिप्रजेंटेटिव (एसआर) वार्ता के दौरान सहमति बनी थी।

एमईएने अपने बयान में कहा, 'बातचीत सकारात्मक रही और भविष्य को ध्यान में रखकर की गई। दोनों पक्षों ने भारत-चीन सीमा क्षेत्रों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने में हुई प्रगति पर संतोष जताया, जिससे दोनों देशों के



रिश्तों को धीरे-धीरे सामान्य बनाने में मदद मिली है।' इस बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) सुजीत घोष ने की, जबकि चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व चीन के विदेश मंत्रालय के सीमा और समुद्री मामलों विभाग की महानिदेशक होउ यानकी ने किया। दोनों देशों के अधिकारियों ने इस बात पर भी सहमति जताई कि वे चीन में होने वाली अगली स्पेशल रिप्रजेंटेटिव (एसआर) बैठक की मजबूत तैयारी के लिए मिलकर काम करेंगे। इस यात्रा के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख ने चीन के विदेश मंत्रालय के एशियाई मामलों के विभाग के महानिदेशक लियू जिनसोंग और चीन के सहायक विदेश मंत्री होंग लेई से मुलाकात की।

इससे पहले अप्रैल में भारत और चीन ने नई दिल्ली में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की द्विपक्षीय वार्ता की थी। इस दौरान एससीओ नेताओं के फैसलों को लागू करने और संगठन की आगे की दिशा पर चर्चा हुई थी। एमईए के बयान के मुताबिक, दोनों देशों ने एससीओ से जुड़े मामलों में आपसी सहयोग और बातचीत को आगे भी जारी रखने और मजबूत करने पर सहमति जताई।

## नेपाल में अमेरिका की बढ़ती दखलंदाजी, चीन हुआ सतर्क

» काठमांडू, यूटर्न/ 28 मई।

नेपाल फिर वैश्विक भू-राजनीतिक शक्ति संघर्ष का केंद्र बना रहा है। अमेरिका अपनी कूटनीतिक सक्रियता को तेजी से बढ़ा रहा है, जिसका नतीजा है कि महीने के अंत में अमेरिकी अंडर सेक्रेटरी ऑफ स्टेट फॉर पब्लिक डिप्लोमैसी सराह बी. रोजर्स तीन दिवसीय दौरे पर काठमांडू पहुंच रही हैं।

यह यात्रा तब हो रही है जब चीन भी अमेरिका की नेपाल में बढ़ती दिलचस्पी को लेकर पूरी तरह सतर्क है। मीडिया के अनुसार, बी. रोजर्स 30 मई शनिवार को नेपाल पहुंचेंगी। उनकी यह यात्रा बालेन शाह के प्रधानमंत्री बनने के बाद अमेरिकी अधिकारियों के लगातार दौरों की श्रृंखला में सबसे महत्वपूर्ण है। इससे पहले, भारत में अमेरिकी राजदूत सर्गियो गोर और समीर पॉल जैसे अधिकारी नेपाल का दौरा कर चुके हैं, लेकिन सराह का पदइन सभी अधिकारियों से वरिष्ठ है।

सराह काठमांडू में विदेश मंत्री से मुलाकात करेंगी और माउंट एवरेस्ट से



संबंधित बड़े कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगी। हालांकि, यह अभी स्पष्ट नहीं है कि वह प्रधानमंत्री शाह से मिलेंगी या नहीं, जिन्होंने पहले पॉल और गोर से मिलने से इंकार किया था।

अमेरिका की लगातार बढ़ती सक्रियता ने चीन के कान खड़े कर दिए हैं। चीन को आशंका है कि नेपाल में बड़ी संख्या में रह रहे तिब्बती शरणार्थी अमेरिका के लिए जासूसी गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं, जिससे उसके आंतरिक मामलों में अस्थिरता पैदा हो सकती है। दलाई लामा को लेकर अमेरिका और चीन के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवाद को देखकर चीन की यह चिंता और भी गहरी हो जाती है।

## रूस के नए दो सीटों वाले लड़ाकू जेट से खुले खतरनाक मिशन के राज

भारत के लिए गेमचेंजर

» मॉस्को, यूटर्न/ 28 मई।



रूस के नए दो सीटों वाले एसयू-57डी लड़ाकू विमान के सफल परीक्षण उड़ान के बाद, इसके मुख्य टेस्ट पायलट सर्गेई बोगदान ने जेट की भविष्य की युद्ध क्षमताओं को लेकर महत्वपूर्ण खुलासे कर दिए हैं। बोगदान के अनुसार, 19 मई को अपनी पहली उड़ान भरने वाला यह विमान केवल एक लड़ाकू जेट नहीं, बल्कि हवा में उड़ता हुआ एक कमांड सेंटर है। सुखोई डिजाइन ब्यूरो के इस मुख्य टेस्ट पायलट ने बताया कि भविष्य की लड़ाई में यह विमान कई तरह की भूमिकाओं को निभा सकता है। उन्होंने बताया कि एसयू-57डी का इस्तेमाल युद्ध के मोर्चे के पास एक कमांडिंग ऑफिसर को तैनात करने के लिए हो सकता है, जो सीधे हवा से युद्धक अभियानों को निर्देशित करेगा। बोगदान ने जोर दिया कि बड़े अभियानों में, खासकर जब संचार बाधित हो सकता है, इसतरह अनुभवी लीडर का हवा में मौजूद रहना निर्णायक साबित होगा। दूसरा पायलट जमीनी नियंत्रण से जुड़ी चुनौतियों को दूर करते हुए, आस-पास के माहौल में बदलावों पर तेजी से प्रतिक्रिया देने में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि अगर क्रू में कोई अनुभवी कमांडर हो, तब संचार में रुकावट आने पर भी ऑपरेशन ज्यादा असरदार तरीके से किए जा सकते हैं, जिससे तेजी से निर्णय लेना संभव होता है। बोगदान साल 2000 से सुखोई के चीफ टेस्ट पायलट के तौर पर काम कर रहे हैं और एसयू-57डी की पहली उड़ान भरने से पहले उन्होंने कई प्रोटोटाइप और प्रोडक्शन मॉडल उड़ाए हैं। एसयू-57 रूस का एक स्टील्थ फाइटर जेट है और यह लॉयल विंगमैन क्षमता से लैस होगा।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *